


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 22/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 09 अगस्त 2024 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in



विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया।



## मुख्यमंत्री निवास पर हुआ महिला पंच सरपंच सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम

# सरपंच बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बांधी राखी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम का मुख्यमंत्री निवास में कन्या पूजन और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर महिला सरपंचों ने मंगल गीतों के साथ पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर ,भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष भोपाल श्रीमती रामकुंवर गुर्जर, पूर्व प्रोटेम स्पीकर तथा विधायक श्री रामेश्वर शर्मा उपस्थित हैं।







उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में सरकार रक्षाबंधन की थीम पर विभिन्न महिला सम्मेलनों का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री आवास में भी अलग-अलग समूहों को बुलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को महिला सरपंच आई हैं। महिला सरपंचों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से संवाद किया। इस मौके पर महिला सरपंच मुख्यमंत्री को राखी भी बांधेंगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि सम्मेलन के दौरान मंच से सीएम डॉ. मोहन यादव महिला सरपंचों के हित में कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम में पंचायत एंव ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रदेश में 23011 पंचायतें हैं और महिला सरपंचों की संख्या 12920 है, जो 50 प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा अपने निवास पर अपनी बहनों को आमंत्रित कर रक्षाबंधन पर्व मनाने की पहल करना उनकी संवेदनशीलता और बहनों के प्रति सम्मान व स्नेह का प्रतीक है।यह समारोह सांस्कृतिक संस्कारों के अटूट बंधन को और मजबूत करेगा।

### महिला सरपंचों की संख्या 50 फीसदी से अधिकः प्रहलाद



मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम में पंचायत एंव ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रदेश में 23011 पंचायतें हैं और महिला सरपंचों की संख्या 12920 है, जो 50त्न से अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा अपने निवास पर अपनी बहनों को आमंत्रित कर रक्षाबंधन पर्व मनाने की पहल करना उनकी संवेदनशीलता और बहनों के प्रति सम्मान व स्नेह का प्रतीक है।यह समारोह सांस्कृतिक संस्कारों के अटूट बंधन को और मजबूत करेगा।

### लक्षिका डागर प्रदेश की सबसे कम आयु की सरपंच

कुमारी लक्षिका डागर प्रदेश की सबसे कम आयु की सरपंच हैं और उन्होंने अपनी पंचायत में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य किया है। श्रीमती कमला देवी चौधरी ने स्वर सहायता समूह, श्रीमती पुष्प लता झरवडे ने डिजिटल लेनदेन और यौन शोषण के प्रति जागरूकता तथा श्रीमती प्रियंका पनिका ने वृद्धावस्था पेंशन तथा छात्रवृत्ति वितरण के क्षेत्र में किए गए नवाचारों की जानकारी दी।

# नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

**उज्जैन एजेंसी।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में नाग पंचमी का उल्लास शुरू हो गया है। गुरुवार रात 12 बजे मंदिर के शिखर पर स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट खोले गए। पश्चात महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरी महारज ने भगवान नागचंद्रेश्वर का प्रथम पूजन किया। पूजा अर्चना के उपरांत आम दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, जो शुक्रवार रात 12 तक अनवरत जारी रहेगा। पट बंद होने की परंपरा का निर्वहन के लिए प्रशासन शुक्रवार रात 10 बजे भक्तों के दर्शन की कतार में लगने पर रोक लगा देगा। फिर एक साल बाद यानी अगली नागपंचमी पर मंदिर के पट खुलेंगे।

### श्रद्धालु में दर्शन करने के लिए उत्साह

गुरुवार रात भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए भक्तों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। देशभर से आए श्रद्धालु रात 10 बजे से ही दर्शन की कतार में खड़े हो गए थे।

### त्रिकाल पूजन की परंपरा

नागपंचमी पर नागचंद्रेश्वर मंदिर में त्रिकाल पूजा की परंपरा है। पट खोलने के साथ हुई प्रथम पूजा के बाद शुक्रवार दोपहर 12 शासन प्रशासन के अधिकारी भगवान नागचंद्रेश्वर का पूजन करेंगे। शाम 7.30 बजे भगवान महाकाल की संध्या आरती के बाद महाकालेश्वर मंदिर समिति की ओर से महाकाल मंदिर के पुजारी भगवान नागचंद्रेश्वर की पूजा करेंगे। शुक्रवार रात 12 बजे एक बार फिर से साल भर के लिए मंदिर के पट बंद हो जाएंगे।



### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नागपंचमी दी शुभकामनाएं

देशभर में आज (शुक्रवार को) नागपंचमी का त?यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। मप्र में भी सुबह से ही लोग शिव मंदिर में जाकर नाग देवता पर दुध अर्पण कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश के मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही सभी की मंगल कामना की है। मुख?यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि भुजंगेशाह विद्महे, सर्पराजाय धीमहि, तन्नो नागः प्रचोदयात आप सभी को नागदेव के उपासना पर्व नागपंचमी की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं! भगवान नागचंद्रेश्वर की कृपा हर घर-आँगन में बरसती रहे; सुख, समृद्धि एवं आनंद की वर्षा हो, सबकी मनोकामनाएं पूरी हों, यही मंगल कामना करता हूँ।

# ओलंपिक कांस्य विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य विवेक को एक करोड़ रुपये देगी मप्र सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य विवेक प्रसाद सागर को एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि विवेक प्रसाद



सागर मध्य प्रदेश के इटारसी के निवासी हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मध्यप्रदेश के गौरव विवेक प्रसाद सागर से वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने इस दौरान कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की ओर से विवेक को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिस लगन और परिश्रम से टीम ने देश को गौरवान्वित किया है, वह प्रशंसनीय है। उल्लेखनीय है कि कल पेरिस में ओलंपिक खेलों की हॉकी स्पर्धा में भारतीय टीम ने स्पेन को 2-1 से पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# पीएम मोदी ने 'X' पर बदली प्रोफाइल फोटो

**नई दिल्ली एजेंसी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदलकर **तिरंगा** (भारतीय ध्वज) कर दी है। पीएम मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस साल का स्वतंत्रता दिवस नजदीक आ रहा है, आइए फिर से हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफाइल फोटो बदल रहा हूं और आप सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसा करके हमारे तिरंगे का सम्मान करने में मेरा साथ दें। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डाट कॉम पर अपनी सेल्फी साझा करने का भी अपील की। आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए केंद्र सरकार नौ अगस्त से देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाती है। यह 15 अगस्त को समाप्त होता है सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं से रैली निकालने को कहा है। भाजपा के कार्यकर्ता इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं।



### 'भारत छोड़ो आंदोलन' वास्तव में हमारे स्वतंत्रता संग्राम का ऐतिहासिक क्षण थाः पीएम

इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' में भाग लेने वालों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में हमारे स्वतंत्रता संग्राम में एक ऐतिहासिक क्षण था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई और इस आंदोलन ने अंग्रेजों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आंदोलन शुरू होने के पांच वर्ष बाद 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ था। पीएम मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन की 82वीं वर्षगांठ पर %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा कि बापू के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसलाः मनीष सिसोदिया को मिली जमानत

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (9 अगस्त) को जमानत दे दी। सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनके आज जेल से बाहर आने की उम्मीद है। सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े CBI और ED, दोनों केस में राहत मिली है। CBI ने भ्रष्टाचार केस में सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। श्वष्ठ ने 9 मार्च, 2023 में उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी, 2023 को मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा- केस में अब तक 400 से ज्यादा गवाह



और हजारों दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केस खत्म होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। ऐसे में सिसोदिया को हिरासत में रखना स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथ की बेंच ने सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुनाया है। इससे पहले बेंच ने तीन दिन पहले 6 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।11 जुलाई को सिसोदिया की जमानत की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई से ठीक पहले जस्टिस संजय कुमार ने बेंच से खुद को अलग कर लिया था, जिसके बाद सुनवाई टल गई थी।5

### सांध्यप्रकाश विशेष

# केंद्र में 2 IAS अधिकारियों की नई पदस्थापना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दो ढ्ढस्अधिकारियों के पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में केरल कैडर के 2011 बैच के अधिकारी अमित मीणा को स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार 2014 बैच के यूपी कैडर के ढ्ढस्अधिकारी महेंद्र कुमार को नीति आयोग में डिप्टी सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है।




### मानसून सत्र का 15वां दिनः बैंकिंग बिल सदन में पेश हुआ

# एसटी-एससी सांसदों की मांग :क्रीमीलेयर का फैसला लागू न हो

**नई दिल्ली एजेंसी।** मानसून सत्र के 15वें दिन शुक्रवार को संसद भवन में ST, SC समुदाय से आने वाले BJP के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। सांसदों ने पीएम को ST, SC के लिए क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही मांग रखी कि इस फैसले को हमारे समाज में लागू ना किया जाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) बिल, 2024 पेश किया है। इस पर सदन में चर्चा हो रही है। इसके अलावा वे बैंकिंग कम्पनीज (एक्यूजिशन एंड ट्रांसफर ऑफ अंडरटेकिंग) एक्ट 1970 और बैंकिंग कम्पनीज (एक्यूजिशन एंड ट्रांसफर ऑफ अंडरटेकिंग) 1980 से जुड़े संशोधन बिल को भी सदन में रखेंगी।



बैंकिंग कानून (संशोधन) बिल 2024 से ये बदलाव हो सकते हैं... की संख्या एक से बढ़ाकर 4 तक की जा सकेगी। बैंकों में रिपोर्टिंग की तारीखें दूसरे और चौथे शुक्रवार की बजाय अब हर महीने की 15 और 30 तारीख हो सकती है।कॉपरेटिव बैंक के डायरेक्टर्स का कार्यकाल 8 साल से बढ़ाकर 10 साल किया जा सकता है।डायरेक्टर्स के सब्सटेंशियल इंटरेस्ट की लिमिट को 5 लाख से बढ़ाकर 2 करोड़ या 10 प्रतिशत इक्विटी शेयर की जा सकती है। इसके अलावा रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव रेलवे एक्ट 1989 में संशोधन के लिए एक परमिशन बिल पेश करेंगे। केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी समुद्र के रास्ते माल की ढुलाई से जुड़ा बिल और बिल और लैंडिंग बिल 2024 सदन में रखेंगे।वहीं राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 और गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के रिप्रेजेन्टेशन रिएडजस्टमेंट बिल पर चर्चा हो सकती है।

# भीड़ ने होटल जलाया, 25 लोग जिंदा जल गए

### बचने के लिए चौथी मंजिल से कूदे, टूटे हाथ-पैर लेकर बांग्लादेश से लौटे भारतीय



**कोलकाता।** 'बांग्लादेश में हालात बहुत खराब हैं। हर जगह लूटपाट हो रही है। जेसोर के जिस जाबिर इंटरनेशनल होटल में हम रुके थे, वहां भीड़ ने आग लगा दी। मेरे साथ भाई भी था। भाई ने होटल की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। उसका पैर टूट गया है। हम किसी तरह जान बचाकर भागे हैं।'

बिजनेस के सिलसिले में रजिउल बांग्लादेश गए थे, लेकिन वहां हुई सियासी उठापटक के बीच हिंसा में फंस गए। 5 अगस्त को बांग्लादेश में शेख हसीना के सत्ता छोड़ने के बाद देशभर में जगह-जगह हिंसा हुई। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं और उनके समर्थकों को निशाना बनाया जा रहा है।

6 अगस्त को अवामी लीग के 29 नेताओं और उनके परिवार के लोगों के शव मिले। उनके घरों में लूटपाट करके आग लगा दी गई।

रजिउल उन 65 लोगों में से हैं, जो बांग्लादेश से जान बचाकर बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल के बनगांव पहुंचे है। बचकर लौटे लोगों में कई जख्मी हैं। किसी का पैर टूटा है, तो किसी का हाथ। इनमें भारतीयों के साथ-साथ बांग्लादेशी नागरिक भी हैं, जिन्होंने बिजनेस वीजा पर भारत में शरण ली है।

# विनेश के सिल्वर मेडल पर खेल पंचाट में फैसला आज

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट के मेडल पर आज कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में अहम फैसला आज आएगा। अब यह देखना होगा कि विनेश फोगाट को सिल्वर पदक दिया जाएगा या फिर उन्हें यहां से भी निराशा हाथ लगेगी। देश के जाने-माने वकील हरीश साल्वे शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक से पहलवान विनेश फोगाट की पैरवी करेंगे। साल्वे ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि



उन्हें खेल पंचाट में फोगाट का प्रतिनिधित्व करने के लिए आईओए द्वारा नियुक्त किया गया है। विनेश फोगाट को फाइनल से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने रजत पदक की मांग करते हुए याचिका को दायर किया था। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (ष्टस्) ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया था और आज दोपहर करीब 1 बजे तक उनकी याचिका पर फैसला सुनाया जा सकता है।

### विनेश मामले में लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव की मांग, स्पीकर ने नहीं दी मंजूरी

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने विनेश फोगाट मामले में खेल मंत्री के बयान की आलोचना करते हुए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि स्पीकर ने इसकी मंजूरी नहीं दी। दरअसल कांग्रेस सांसद ने अपने स्थगन प्रस्ताव में कहा है कि खेल मंत्री ने सदन में दिए अपने बयान में विनेश फोगाट की ट्रेनिंग पर 70 लाख रुपये खर्च करने की बात कही थी। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा है कि विनेश फोगाट राष्ट्रीय धरोहर हैं और वह हमसे सिर्फ समर्थन और सम्मान चाहती हैं न कि सिर्फ कोई वित्तीय आंकड़े। कांग्रेस सांसद ने खेल मंत्री से बयान वापस लेने की मांग की है।

# अब खसरा नामांतरण की प्रक्रिया होगी तेजी से, एसएमएस, ईमेल और व्हाट्सएप पर मिलेंगे दस्तावेज़

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जमीन के क्रय-विक्रय के बाद नामांतरण की प्रक्रिया अब महीनों की बजाय सिर्फ 2 से 3 सप्ताह में पूरी हो जाएगी। साइबर तहसील 2.0 की शुरुआत के साथ ही, नागरिकों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। नामांतरण आदेश, खसरा, और नक्शा अब सीधे एसएमएस, ईमेल, और व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे प्राप्त किए जा सकेंगे। साइबर तहसील 2.0 के माध्यम से पहले से ही सम्पूर्ण खसरा क्रय-विक्रय की प्रक्रिया ऑनलाइन थी। अब इसमें आंशिक खसरा क्रय-विक्रय की प्रक्रिया को भी शामिल कर लिया गया है, जिससे यह भी पूरी तरह ऑनलाइन हो गया है। इस बदलाव के साथ, अब खसरा नामांतरण की प्रक्रिया और भी आसान और तेज हो गई है। प्रमुख राजस्व आयुक्त, श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि हर साल लगभग 2 लाख सम्पूर्ण खसरे और 6 लाख आंशिक खसरा क्रय-विक्रय मामलों का नामांतरण होता है। आंशिक खसरा क्रय-विक्रय के प्रकरणों का भी ऑनलाइन नामांतरण होने से हर साल 8 लाख से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा।

साइबर तहसील 2.0 में संपदा से प्राप्त अविवादित आंशिक खसरों के क्रय-विक्रय मामलों के नामांतरण के लिए एक एण्ड-टू-एण्ड ऑनलाइन सिस्टम तैयार किया गया है, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर तेजी से निराकरण संभव हो सकेगा। इस प्रणाली के तहत, नामांतरण प्रक्रिया के पूरा होने के बाद, नागरिकों को नामांतरण आदेश और अद्यतन खसरा नक्शा की प्रति ऑनलाइन ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जाएगी। साइबर तहसील 2.0 एक स्वचालित प्रणाली है, जिससे नागरिकों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस स्वचालित प्रक्रिया के चलते, अविवादित मामलों का त्वरित निराकरण हो सकेगा, जिससे राजस्व अधिकारी विवादित मामलों पर भी अधिक ध्यान दे पाएंगे और उन्हें भी जल्दी सुलझाने में मदद मिलेगी।

# मरीजों की सेवा ही जनता जनार्धन की सेवा है : रामेश्वर शर्मा



**संत हिरदाराम नगर।** रोगी कल्याण समिति सिविल अस्पताल के सदस्य के रूप में बसंत चेलानी एवं हरीश मूलानी को नामंकित करने पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा का आभार एवं अभिनंदन भारत विकास परिषद एवं सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के सयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें संत नगर के कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी आभार एवं अभिनंदन करने के लिए उपस्थित थे। इस अवसर पर रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज जो स्वागत है वो वास्तव में बसंत चेलानी और हरीश मूलानी का है हमारा स्वागत तो आप पहले ही चुनावों में वोट देकर कर चुके हो उन्होंने कहा कि सेवा का अवसर सबको मिलना चाहिए इसलिए हमने ऐसा अवसर तलाशा और दो सदस्यों को रोगी कल्याण समिति सिविल अस्पताल के सदस्य के रूप में मनोनित किया जो समय-समय पर सिविल अस्पताल जाएँ और वहां के मरीजों की समस्याओं को सुने और उनको सरकार तक पहुँचाएँ जिससे उसका निराकरण हो सके यह भी एक जनसेवा ही कहलायी जायेगी क्योंकि मरीजों की सेवा ही जनता जनार्धन की सेवा है।

# साधु वासवानी स्कूल में बड़े जोर-शोर से चल रही स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां बड़े जोर-शोर व हर्ष के साथ की जा रही है। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम तिरंगा झण्डा लहराया जाएगा एवं राष्ट्रगीत का गायन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रात: 8 बजे भव्य रैली निकाली जाएगी। जिसमें विद्यार्थी बेनर रंग-बिरंगी टोपियॉ पहने हाथों में तिरंगे झण्डे लेकर रैली के लिए प्रस्थान करेंगें। बैंड व बाजों के साथ जय जवान, जय किसान भारत माता की जय आदि नारों की तख्तियॉ हाथों में लिए रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई स्कूल परिसर में समाप्त होगी। इस अवसर पर आकर्षक पी.टी. एवं मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। झण्डे को सलामी देते हुए राष्ट्र-गीत का गायन किया जाएगा। देश-भक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचार विमर्श किया जाएगा व अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई का वितरण किया जाएगा।

## ऐबू यूनियन कार्यालय में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक



**भोपाल।** ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध निफ्टू कार्यालय पर यूनियन के महासचिव रामनारायण गिरी के नेतृत्व में अति आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में बीएचईएल कॉर्पोरेट दिल्ली में हुई जेसीएम की विस्तृत चर्चा एवं यूनियन के युवा प्रतिनिधि विशाल वाणी द्वारा कॉर्पोरेट प्रबंधन के समक्ष की गई माँगो से अवगत करवाया गया,साथ ही साथ आशीष सोनी विशाल वाणी एवं राजमल बैरागी द्वारा सी एम डी महोदय, डायरेक्टर फाइनेंस , डायरेक्टर एच.आर एवं जी एम इंचार्ज कार्पोरेट से मुलाकात की विस्तृत चर्चा एवं शिफ्ट परिवर्तन को लेकर कर्मचारियों में फैले भ्रम एवं कर्मचारी हित में शिफ्ट के परिवर्तन हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यूनियन के मुख्य पदाधिकारी, कमेटी मेंबर, पदाधिकारी, शॉप कांशील सदस्य, कार्यकर्ता एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

## एलएन आयुर्वेद कॉलेज में अंगदान दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम




**भोपाल।** एल एन आयुर्वेद कॉलेज में अनेक कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें रैली, नाटक, नारा प्रतियोगिता और लघु फिल्म प्रतियोगिता शामिल थीं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 120-140 छात्रों और संकाय सदस्यों ने रैली में भाग लिया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल के प्रबंधन और एलएन आयुर्वेद कॉलेज और अस्पताल के प्राचार्य डॉ. सपन जैन, निदेशक डॉ. विशाल शिवहरे और उप प्राचार्य डॉ. वर्षा ने अंगदान दिवस पर भाषण दिए, जिसमें अंगदान के महत्व और इससे संबंधित भ्रांतियों को समझाया।

# पद्मावती संभाग भोपाल की तीन शाखाओं का सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह हुआ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पद्मावती संभाग भोपाल की तीन शाखाओं विजय वर्धिनी शाखा,मीनाल अयोध्या शाखा, वामा देवी शाहजहांनाबाद शाखा का सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह संभागीय सचिव डाक्टर सविता जैन के घर में रखा गया। दीप प्रज्ज्वलित कर मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। विजय वर्धिनी शाखा व अयोध्या मीनाल शाखा ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। संभागीय अध्यक्ष कुमुदिनी बरया जैन एवं संभागीय सचिव डाक्टर सविता जैन द्वारा शाखाओं को उनके पद पर रहते हुए अपने कर्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हमारी प्रांतीय सह सचिव सुशीला बाकलीवाल जी भी उपस्थित थीं।

**कर्मचारियों को छाते बांटे:** सभी बहनों हरे व लाल कलर की साड़ी पहन कर सावन व तीज उत्सव मनाया। सावन ,तीज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति सभी शाखाओं ने दी। शाखाओं ने सभी बहनों को तिरंगा बैच लगा कर सम्मानित किया व संभाग की और से शाखा अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष अध्यक्ष को सम्मानित किया गया कार्यक्रम उपरांत सभी के स्वरूचि भोजन की व्यवस्था भी की गई जिसमें विजय वर्धिनी शाखा ने उत्साह पूर्वक इस इस व्यवस्था को सम्हाला।

## 10,11 एवं 12 अगस्त को सिंधी मेला समिति आयोजित करेगी कुकिंग कॉम्पीटिशन



**भोपाल।** सिंधी व्यंजन की परंपरा को बरकरार रखने के उद्देश्य से भोपाल की सिंधी मेला समिति द्वारा दिनांक 10, 11 एवं 12 अगस्त को भोपाल के 21 से अधिक सेंटरो पर एक साथ इस कुकिंग कॉप्टिशन का आयोजन किया जा रहा है। समिती के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने इस आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सिंधी समाज युवा पीढ़ी को इस आयोजन के माध्यम से जोड़ने का यह प्रयास है, साथ ही इन सिंधी व्यंजनों के माध्यम हमे सिंधी समाज के युवाओ को अपनी संस्कृति एवं संस्कार को न भूलना है और न भूलने देना है। समिति के महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि वर्ष 2009 से लगातार कुकिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष इस आयोजन का यह 16 वा वर्ष है। इस प्रतियोगिता में चयनित महिलाओ को 1 सितंबर 2024 को मानस भवन में कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कृत किया जायेगा। इस कुकिंग कॉप्टिशन कार्यक्रम की संयोजिका सीमा सबधानी एवं सह संयोजिका माया पंजवानी को नियुक्त किया गया है।

**इन स्थानों पर होगा आयोजन:** कोटरा टी टी नगर, संत कवांराम कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, बावड़िया कलां, चुनाभट्टी, शाहपुरा, प्रभुनगर ईदगाह हिल्स, सोनागिरी, टीला जमालपुरा, पंचवटी कॉलोनी, विजय नगर, गांधीनगर. संत हिरदाराम।

इन स्थानों के अलावा आयोजन भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न स्थानों पर एक साथ होगा।

## हरिहर महोत्सव समिति का पुनर्गठन



**भोपाल।** गत दिवस शहर की धार्मिक,सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सतत प्रयत्नशील संस्था हरिहर महोत्सव धार्मिक व सामाजिक संस्था समिति में संस्था के संयोजक डॉ. अतुल कौशल की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वानुमति से अध्यक्ष मनोज साहू कल्लू भैया उपाध्यक्ष द्वय राकेश सोनी ,अवनि शर्मा, अजीम खान, राजेंद्र शर्मा, नितिन जैन बंटी , राजीव साहू, आकाश यादव,धर्मेंद्र वाधवानी, महासचिव संजय सिसोदिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह, सचिव राजकुमार जैन,आकाश अग्रवाल, मुकेश शर्मा, राजेश सोनी,सुमित अग्रवाल सहसचिव त्रिलोक यादव,विजय सोनी,प्रवीण सोनी ,संजय साहू मंत्री अशोक सांकले अध्यक्ष शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद, दीपक पंसारी ,संजय मालवीय कार्यालय मंत्री शेखर सोनी,प्रदीप गुप्ता मानव,निलेश साहू, अध्यक्ष यूथ विंग नितिन राज पंकज,प्रभारी यूथ विंग रिदम साहू की नियुक्त पर भगवानदास ढालिया,राजकुमार सांखला, रमेश निर्वाण, विजय गुप्ता, प्रेम नारायण शर्मा, मनोज सोनी, सुभाष बोराना, अंकुर मित्तल, सत्यम तिवारी, प्रवीण सराफ, संजय नेमा, रोहन जैन, अकबर खान, आदि और अनेक सामाजिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी हैं।

## अशासकीय शिक्षण संस्था संगठन की बैठक हुई



**संत हिरदाराम नगर।** क्राईस्ट मेमोरियल हा. से. स्कूल बैरागढ़ में अषासकीय षिक्षण संस्था संगठन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यों की सूची में संगठन के मुख्य संरक्षक श्री विष्णु गेहानी, अध्यक्ष डॉ. मेनिस मैथ्यूज़, सचिव श्री बसंत चेलानी, श्री योगेष हिंगोरानी, श्री जितेन्द्र सिरोठिया,श्रीमती हर्षिता शास्त्री, श्रीमती रष्मि अग्रवाल, श्री प्रविण तिवारी,श्री परमेन्द्र दरयानी, श्री आनंद वाधवानी, श्रीमती अनीता लालवानी, श्रीमती हेमा दामानी, आदि उपस्थित थे। संगठन के अध्यक्ष डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ जी ने इस बैठक का मुख्य उदे्ष्य विद्यार्थियों में देषभक्ति की भावना को बढ़ाना है, इसलिए आने वाले 13 अगस्त 2024 को नंदवानी ऑडिटोरियम में देषभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्यार्थियों के दो समूह बनाएँ जाएँगे। प्रथम समूह में कक्षा 1 से 5 एवं द्वितीय समूह में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राएँ भाग लेंगें। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चे भाग लेगें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपना सहयोग देने का निर्णय लिया। श्री योगेष हिंगोरानी जी ने बैठक में अषासकीय स्कूलों को सुचारू रूप से चलाने में कई कठिनाईयाँ व आर.टी. ई. की फीस में मुष्किलें आती हैं, उन बिंदुओं पर चर्चा की। सचिव श्री बसंत चेलानी जी ने संबंधित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए षिक्षा मंत्री एवं जिला षिक्षा अधिकारी से मिलकर अपनी बात रखेंगें, एवं हर प्रकार से सभी संगठन के सदस्यों ने एक-दूसरे का सहयोग करने की इच्छा जताई।

# भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश भोपाल संभाग की समीक्षा बैठक संपन्न




**भोपाल।** भारत स्काउट एवं गाइड संभागीय मुख्यालय भोपाल की समीक्षा बैठक का आयोजन कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल संभाग में किया गया बैठक की अध्यक्षता संयुक्त संचालक लोक शिक्षण आदरणीय अरविंद चोरगड़े जी द्वारा की गई। बैठक में भोपाल रायसेन सीहोर विदिषा राजगढ़ जिला संघ के 36 पदाधिकारी उपस्थित हुए आयोजन में मुख्य रूप से आदरणीय श्री कैलाश मिश्रा जिला कमिश्नर स्काउट जिला भोपाल उपसंचालक श्रीमती कनक प्रसाद राज्य मुख्यालय भोपाल के प्रतिनिधि आदरणीय श्री बीएल शर्मा जी राज्य संगठन आयुक्त स्काउट सहित समस्त जिला संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे बैठक में एजेडे के अनुसार स्काउट गाइड गतिविधियों का संचालन स्काउट गाइड शुल्क का समय पर जिला मुख्यालय में जमा करने की कार्यवाही विकास खंड स्तर पर स्काउटिंग को मजबूती देने हेतु विकासखंड निर्वाचन हेतु कार्यवाही एवं बैठक का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु संभागीय रैली जिसमें लगभग 1500 से अधिक स्काउट गाइड की प्रतिभागिता होनी है उसके आयोजन की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। बैठक का शुभारंभ स्काउट परंपरा के अनुसार इस प्रार्थना से किया गया सभी प्रतिभागियों को कपड़े के बैग में बैठक के दस्तावेज उपलब्ध कारण जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया साथ ही आमंत्रित अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट किया जाकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। आयोजन का संचालन सहायक राज्य संगठन आयुक्त राजेश मेवाड़ द्वारा किया गया सहयोगी के रूप में श्री सुशील कुमार बिल्लौ रे श्रीमती अनीता पटेल श्री संजू मेवाड़ जिला संघ भोपाल के रोवर्स स्काउट गाइड प्रभारी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सिंधी ब्राह्मण समाज ने धार्मिक त्यौहारों की तिथियों के पंचाग का विमोचन

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर व भोपाल सिंधी ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 4 माह के धार्मिक त्यौहारो की तिथियां का पंचाग का विमोचन पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में दीपमाला पागरानी संस्कार पब्लिक स्कूल में किया गया। पं. जय शर्मा व पं. यश शर्मा ने बताया कि हमारे हिन्दू त्यौहारो की तिथियां 2 दिन पडने के कारण धर्मप्रेमीबंधु त्यौहार तिथि पर नहीं मना पाते है। जिसके कारण भोपाल संत नगर के ब्राह्मण समाज ने बैठक कर और अन्य पंचांगो से तिथियों का मिलान कर व वरिष्ठ विदवानों से चर्चा कर इस पंचाग को बनाया गया जिसका विमोचन किया गया। इस अवसर पर आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि इस पंचांग में सिंधी समाज के तीज त्यौहारों की तिथियां दी गई है। विशेषकर सर्वपितु श्राद्ध जो तिथियां दी गई है यह जरुरी था क्योंकि उन तिथियों के कारण बहुत परेशान होते थे। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत महासचिव माधू चांदवानी ने भी सिंधी ब्राहमण समाज के प्रयासो की सराहना की एवं पंचाग की बधाई दी। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज का पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से शाल पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्कार स्कूल सचिव बसंत चेलानी, पंचायत कार्यवाहक अध्यक्ष भरत कुमार आसवानी, उपाध्यक्ष नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, मुख्य सलाहाकार नरेश तोलानी सहित कई उपस्थित थे।



# तिरंगा हमारा मान, सम्मान और स्वाभिमान है, हर घर तिरंगा फहराएंगे: सुमित पचौरी

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में हर-घर तिरंगा अभियान को लेकर भोपाल जिले की बैठक संपन्न

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में भारतीय जनता पार्टी भोपाल जिले की बैठक गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भोपाल जिला अध्यक्ष श्री सुमित पचौरी ने कहा कि हर-घर तिरंगा अभियान में पूरे समाज की सहभागिता हो। पार्टी कार्यकर्ता इस अभियान के दौरान भोपाल जिले के हर घर तक तिरंगा ध्वज पहुंचाने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज हमारा तिरंगा सारी दुनिया में लहरा रहा है, स्वतंत्रता दिवस पर इसे हर-घर में लहराएंगे।

पचौरी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा अभियान के दौरान युवाओं को इसकी जानकारी दें। नवाचार करना भारतीय जनता पार्टी संगठन की पहचान रही है, यह पहचान हर-घर तिरंगा अभियान में बनी रहे, इसके प्रयास करें। जिला अध्यक्ष श्री पचौरी ने अभियान के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी, जिसमें 11 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा का आयोजन, 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराना, 12 से 14 अगस्त तक महापुरूषों की प्रतिमा एवं स्मारिकों पर स्वच्छता अभियान, 13 से 15 अगस्त तक महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन होगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने कहा कि आज लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार तेजी से आगे बढ़कर देश को तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। देश में आज हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। मध्यप्रदेश का संगठन देश में नंबर-1 रहा है और चाहे तिरंगा यात्राएं हों, या फिर घर-घर झंडा फहराने का लक्ष्य हो, हमारा प्रदेश हमेशा की तरह आगे रहेगा ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के मान-सम्मान का ख्याल रखकर आजादी के त्योहार को जोश के साथ मनाएं।

### एक वृक्ष मां के नाम अभियान में मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ भी करेगा सहभागिता

भोपाल। प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर समूचे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान जोरों शोरों से चल रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाने की घोषणा की है। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ हमेशा से ही अपनी मांगों के साथ साथ सामाजिक सरोकारों के लिए काम करने के लिए जाना जाता है। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा घोषित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मंत्रालय परिसर में वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया है।उक्त वृक्षारोपण हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय परिसर का उपयोग करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ ने वृक्षारोपण के इस पुण्य कार्य को भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए जन्मराशि के हिसाब से शुभ वृक्षों का वृक्षारोपण कराये जाने की कार्ययोजना तैयार की है।




## मप्र सेवा निवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को मंहगाई भत्ते का 4 प्रतिशत केन्द्र के समान रक्षाबंधन के पूर्व एरियर सहित भुगतान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्य सेवा के अधिकारियो, कर्मचारियों को केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता देने का म.प्र. शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद शर्मा ने स्वागत किया गया है। हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति राष्ट्रीय स्तर पर कर्मचारी । अधिकारियों को मंहगाई से राहत देने के लिये हमेशा 10 वर्षों में अच्छी पहल की गई है तथा साथ में केन्द्र के सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों को भी उसी तिथि से देने के अच्छे निर्णय का राष्ट्रीय स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों का ध्यान रखा जाता है इस पर शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रीमंडल के सदस्यों को धन्यवाद दिया है। इसी प्रकार की प्रथा राज्य सरकारों को भी देश में सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों को मंहगाई से राहत देने के लिये विलंब नहीं करना चाहिये। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अनुरोध किया है कि रक्षाबंधन से पूर्व राज्य सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को एरियर्स सहित पुराना देने के साथ-साथ 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता भी देते हुये मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को मंहगाई से राहत दिलायें। देखा गया है कि सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को राज्य नियमित कर्मचारियों के समान महागाई भत्ता देने में योजनाबद्ध तरीके से अन्याय होता है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूचि लेकर राज्य के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के हितों में अच्छा निर्णय लें। सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष मदनसिंह ठाकुर, रमेश शर्मा, एन.एस. भदौरिया, रामनारायण चौहान, राजेन्द्र पाराशर, प्रभात सक्सेना, वाडिल एवं म.प्र. इंजीनियरिंग कालेज के पूर्व अध्यक्ष ए.के. जैन, नासिर अली खान तथा अन्य कर्मचारी नेताओं ने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को मंहगाई मत्ता देने का अनुरोध किया है।

## सुसंस्कृत समाज देश को विश्व-गुरू बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा: उप-मुख्यमंत्री शुक्ल



### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सुसंस्कृत समाज देश को विश्व-गुरू बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज वह बात साकार हो रही है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि 21वीं सदी के मध्य में हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और भारत आर्थिक महाशक्ति बनकर विश्वगुरू का स्थान हासिल कर लेगा। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में दो दिवसीय अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 25 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित प्रशासनिक विस्तार भवन का लोकार्पण किया। उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि संस्कार-युक्त शिक्षा से संवेदनशीलता आती है और संस्कृति के बिना शिक्षा उसी प्रकार अधूरी है जैसे सुगंध के बिना फूल। श्री शुक्ल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुनहरा है। उनके लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों में आपस में परिचर्चा होगी और उससे जो परिणाम निकलेगा वह विश्वविद्यालय के विकास में सहयोगी होगा। उन्होंने कहा कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को देश में उत्कृष्ट संस्थान के रूप में स्थापित करने के संकल्प लेने का आह्वान किया। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पत्रिका दर्पण का विमोचन किया।

## इएमइंडिया-24 का दूसरा दिन भारत में आपातकालीन विभागों में भीड़भाड़ से निपटने की रणनीतियों पर केंद्रित रहा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



इएमइंडिया-24 मेगा कॉन्फ्रेंस का दूसरा दिन भारत में आपातकालीन विभागों में भीड़भाड़ से निपटने की रणनीतियों पर गहन चर्चा के साथ जारी रहा। भोपाल में आयोजित यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपातकालीन चिकित्सा पर केंद्रित उच्च-गुणवत्ता वाली वैज्ञानिक संगोष्ठी के 20वें वर्ष का प्रतीक है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने इएमइंडिया-24 मेगा कॉन्फ्रेंस में चर्चाओं के परिणामों के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, आज हम कुछ उपयोगी परिणामों पर निष्कर्ष निकालने में सक्षम होंगे।सत्र में आपातकालीन चिकित्सा के क्षेत्र के विशेषज्ञों से बहुमूल्य योगदान मिला। देश भर में आपातकालीन विभागों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में उनकी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता महत्वपूर्ण है। हमें विश्वास है कि इन चर्चाओं से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार होंगे। गुजरात के डॉ. विजय शाह ने कहा कि हमें एक नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि भारत का कोई भी नागरिक देश भर के किसी भी अस्पताल में आपातकालीन उपचार से वंचित न रहे।

## तंग बस्तियों में आयोजित हुए साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर, एक हजार से अधिक ने करवाई जांच



शहरी तंग बस्ती क्षेत्रों में सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को विशेष सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहे हैं जिसके अंतर्गत 8 अगस्त को भोपाल की 8 बस्तियों में शिविर आयोजित हुए। जिनमें 1015 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया। ये शिविर हंसनाथ नगर, टिंबर मार्केट , संजय नगर, दशमेश नगर, बापू नगर, बैरागढ़ चीचली, गणेश नगर में आयोजित किए गए। इन शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण ,निशुल्क जांच एवं दवा , हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्ह्यांकन, कुपोषित बच्चों का चिन्ह्यांकन एवं रेफरल, आभा आईडी एवं आयुष्मान कार्ड बनाना एवं ई केवाईसी, नियमित टीकाकरण, जापानी इंसेफेलाइटिस टीकाकरण एवं वयस्क बीसीजी टीकाकरण की सेवाएं दी जा रही हैं। शिविर में टीबी, कुष्ठ , हाइपरटेंशन, डायबिटीज़, कैंसर, एचआईवी स्क्रीनिंग, टीबी स्क्रीनिंग, मलेरिया जांच, प्रसव पूर्व जांच एवं बच्चों की जांच की गई।

## एम्स और सांगात एनजीओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**भोपाल।** एम्स भोपाल ने सांगात, एक प्रमुख गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रावधान, स्वास्थ्य प्रणाली सुधार, स्वास्थ्य समानता, दीर्घकालिक बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता निर्माण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए संयुक्त अनुसंधान में सहयोग करना है। यह साझेदारी क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौता ज्ञापन पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह और सांगात की अध्यक्ष मोनिका बारिया ने हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने इस समझौते में उल्लिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अच्छे विश्वास के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## टेटनस और डिप्थीरिया से बचाव लिए स्कूलों में लगे टीके



**भोपाल।** टिटनेस और डिप्थीरिया बीमारी से बचाव के लिए शासकीय स्कूलों में टी.डी. के टीके लगाए जाने की शुरुआत 8 अगस्त से की गई। जिसमें भोपाल के 202 शासकीय स्कूलों में ढाई हजार से अधिक बच्चों को टीके लगे। जिसमें 10 साल की उम्र के 2168 और 16 साल आयु के 391 बच्चों को टी.डी. वैक्सीन लगाई गई। इन गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए लिए स्कूलों में प्रत्येक गुरुवार को शालेय टीकाकरण दिवस का आयोजन किया जाएगा । टीकों की प्रविष्टि एवं मॉनिटरिंग यूवीन पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। शासकीय स्कूलों में आयोजित किए जा रहे इस विशेष टीकाकरण कार्यक्रम हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय स्कूलों को टीके लगवाने के विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बच्चों की होमवर्क कॉपी में टीके लगाने के लाभ संबंधी संदेशों के साथ विधार्थी का आधार नंबर और अभिभावक का मोबाइल नंबर अंकित करने की सूचना दी गई है। आधार और मोबाइल नंबर द्वारा यूविन पोर्टल पर टीकाकरण की जानकारी प्रविष्ट की जाएगी।

## एम्स में डॉक्टर और नर्सिंग अधिकारियों के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




एम्स भोपाल में डॉक्टर और नर्सिंग अधिकारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरूवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक स्तर पर आम इमरजेंसी, बर्न और ट्रॉमा जैसे मामलों के प्रबंधन के लिए आयोजित किया गया था। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने कहा कि ट्रॉमा और इमरजेंसी की स्थिति में समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। विशेष रूप से पहला घंटा गोल्डन ऑवर कहलाता है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि यह आवश्यक नहीं कि आप सब कुछ जानते हो और आप सब कुछ कर पाएं। किंतु यह आवश्यक है कि आप जो भी करें उससे मरीज की स्थिति में सुधार हो और जिस किसी भी विभाग में उसको आगे भेजा जाए तो उसका बेहतर इलाज हो सके। इसलिए समय पर की गई प्रतिक्रिया मरीज को एक नया जीवन दे सकती है। आपके मन में कोई भी शंका हो तो निश्चित रूप से उसका समाधान अवश्य करें।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एम्सा भोपाल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग तथा मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से किया जा रहा है। सुश्री प्रियंका दास, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह।रू), भोपाल ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाना रोगी परिणामों में सुधार और जीवन बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे स्वास्थ्यकर्मियों को उन्नत कौशल और ज्ञान से लैस करके, हम क्षेत्र भर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत कर पाएंगे।

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आए 150 से अधिक डॉक्टरर और नर्सिंग अधिकारियों ने भाग लिया। जिन्हेंआ विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने प्राथमिक स्तर की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के द्वारा लगभग 500 डॉक्टर और नर्सिंग अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस तरह के कुल 17 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे जो जनवरी 2025 तक चलेंगे।

एम्स भोपाल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ मोहम्मद यूनुस ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षित होने के बाद यह डॉक्टर और नर्सिंग अधिकारी मध्य प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में इमरजेंसी मामलों का बेहतर तरीके से प्रबंधन कर पाएंगे जिससे कि मरीज शीघ्र स्वस्थ होंगे और उनका जीवन बचाया जा सकेगा। ये सभी डॉक्टधर एवं नर्सिंग अधिकारी प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने स्वा स्य् स केन्द्रब पर जाकर अन्यन लोगों को प्रशिक्षित करेंगे ताकि बड़े पैमाने पर प्राथमिक स्तकर पर आम इमरजेंसी, बर्न और ट्रॉमा जैसे मामलों का बेहतर प्रबंधन किया जा सके।

### स्तनपान सप्ताह: हेल्दी बेबी प्रतियोगिता का आयोजन



एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ) अजय सिंह के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह के सिलसिले में बुधवार, 7 अगस्त 2024 को आंगनवाड़ी नंबर 768 और 772 साईं बाबा नगर, वार्ड नंबर 49 में हेल्दी बेबी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एम्स भोपाल के सामुदायिक एवं परिवार कल्याबण विभाग और शहरी प्राथमिक स्वानस्थ्भो केंद्र, साईं बाबा नगर के सहयोग से किया गया।

एम्सन भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने स्तनपान और उचित शिशु देखभाल के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्तनपान बच्चे के स्वास्थ्य और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आधारशिला है। हमारा उद्देश्य न केवल स्वस्थ प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है बल्कि परिवारों के लिए एक सहायक वातावरण भी तैयार करना है। इस कार्यक्रम की सफलता हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार और समुदाय की संलग्नता को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रतियोगिता को 0-3 वर्ष और 3-6 वर्ष दो आयु समूहों में विभाजित किया गया था। एम्सस भोपाल के सामुदायिक एवं परिवार कल्याधण विभाग द्वारा विकसित चेकलिस्ट के अनुसार प्रतिभागियों का मूल्यांकन वजन, ऊँचाई, विकासात्मक मील, टीकाकरण की स्थिति, पोषण और अन्य मानदंडों के आधार पर किया गया। प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को सराहना पुरस्कार मिले।

कार्यक्रम में एम्सत भोपाल के सामुदायिक एवं परिवार कल्या ण विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कोकने और डीएचओ-2 अर्बन नोडल डॉ. मनोज हुर्मदे ने पोषण और स्तनपान पर स्वास्थ्य वार्ताएँ की। सलाहकारों और विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अभिजीत पखारे, डॉ. अंकुर जोशी, और डॉ. संजीव कुमार शामिल थे।

## उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 9 को रीवा से करेंगे निःशुल्क सोनीग्राफी सुविधा का शुभारंभ

भोपाल। उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि गर्भावस्था में उच्च जोखिम स्थिति एवं गर्भस्थ शिशु में होने वाली विकृतियों की पहचान हेतु सोनोग्राफी अति आवश्यक है। समय से चिन्हांकन से उनका सहजता से निदान एवं सुरक्षित प्रसव का प्रबंधन किया जाना संभव होगा। उक्त के दृष्टिगत जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रदेश में निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। इस सुविधा का लाभ गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क मिलेगा। यह प्रयास प्रदेश में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रबंधन में सहायक होगा जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने में सहायक होगा। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम रीवा में निःशुल्क सेवा सुविधा का शुभारंभ करेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं को संबद्ध प्राइवेट सोनोग्राफी केन्द्रों पर भी निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा प्राप्त होगी।

## अटरा सरकार जाकर पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह एवं विधायक ने टेंका मत्था, भंडारे में हुये शामिल

छतरपुर। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री मानवेन्द्र सिंह भंवर राजा एवं महाराजपुर क्षेत्र के विधायक कामाख्या प्रताप सिंह उर्फ टीकाराजा गुरूवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अटरा सरकार पहुंचे जहां उन्होंने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर मत्था टेंका एवं क्षेत्र की खुशहाली हेतु कामना की। इस दौरान वे भंडारे में भी शामिल हुये तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा अपने चहेते विधायक कामाख्या प्रताप सिंह का मिठाईयों से तुलदान भी किया। विधायक ने इस स्वागत के लिये जनता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास कराना उनका मकसद है। उनके पिता पूर्व मंत्री भंवर राजा साहब ने अपने कार्यकाल में जो अधूरे कार्य छोड़े थे उन्हें प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा।

**गढ़ीमलहरा में किया वृक्षारोपण:** अटरा सरकार के कार्यक्रम में शामिल होने से पहले विधायक कामाख्या प्रताप सिंह गढ़ीमलहरा पहुंचे जहां पर उन्होंने नगर परिषद द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिये बहुत जरूरी है इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक वृक्ष माँ के नाम अभियान चलाया है। हमें इस अभियान को सफल बनाना है इसके लिये जरूरी है कि हम जो पौधे लगा रहे हैं उनके संरक्षण का भी वीडा उठाये तभी यह अभियान सफल हो सकेगा।

## लाठी- डंडों से बीच हाईवे पर जमकर की मारपीट




**औबेदुल्लागंज संवाददाता–** एक बार फिर सागर कंपनी की गुंडागर्दी देखने को मिली... तमोट स्थित सागर राइस के एक दर्जन कर्मचारियों ने ड्राइवरों को हाइवे पर दौड़ा दौड़ाकर लाठी डंडों से पीटा... लाठी डंडों से बीच हाइवे पर जमकर की मारपीट... अपने आपको बचाने के लिए हाइवे पर भागते नजर आए ड्राइवर... खुलेआम कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी ड्राइवरों से करते रहे मारपीट और तमसबीन बने रहे लोग... ड्राइवरों को जबरन गाड़ी में बैठाकर कंपनी के अंदर ले गए सागर राइस मिल के अधिकारी व गार्ड... सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो हुआ वायरल... पुलिस ने कहा अगर शिकायत आएगी तो करेंगे कार्यवाही... बताया जा रहा है की सागर राइस मिल में 5 दिनों से कुछ गाड़ियां माल भरने के लिए खड़ी थी, समय पर ट्राले नही भरने को लेकर मिल के गेट पर गाड़ी खड़ी करके चले गए थे ड्राइवर... जिससे गुस्साए कंपनी के अधिकारियों ने गार्डों के साथ मिलकर लाठी डंडों से की मारपीट...

## चैतगिरि कॉलोनी फायरिंग मामले में 8 पर मुकदमा

**छतरपुर।** चेतगिरी कॉलोनी में बुधवार को हुई दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में कोतवाली पुलिस ने 8 लोगों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे चेतगिरी कॉलोनी के फौलादी कलम मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक युवकों द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाई गई थी। इस मामले में फरियादी आदिल खान निवासी सबनीगर मोहल्ला की शिकायत पर 8 युवकों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 109, 296, 351 (2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उनकी तलाश की जा रही है। जिन युवकों पर मामला दर्ज किया गया है उनमें मनु उर्फ अक्षय राजा बुंदेला, बच्चू उर्फ हर्षित शर्मा, जुल्फी खान, तहजीब खान, जुल्फी का भाई भूरा खान, ऋतुराज परमार, बिट्टू मिश्रा और हनी सिंह सभी निवासी छतरपुर शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी आदिल खान निवासी सबनीगर मोहल्ला चेतगिरी कॉलोनी में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के लिए जाता है। दो-तीन दिन पहले अनजाने में आदिल की बाइक से उछ्ला कीचड़ मनु उर्फ अक्षय राजा बुंदेला के ऊपर गिर गया था, इसी नाराजगी के चलते मनु उर्फ अक्षय राजा बुंदेला ने अपने साथियों के साथ फायरिंग की थी।

## कुर्राहा में क्लीनिक संचालक की संदिग्ध मौत

छतरपुर। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्राहा में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि बीती रात युवक को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने फांसी लगाए जाने की बात कही है लेकिन युवक के गले पर फांसी जैसे निशान नहीं मिले हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार-गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे कुर्राहा निवासी कैलाश नाथ पुत्र वीरेन्द्र कुमार मिश्रा (37) को अचेत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कैलाश नाथ के परिजनों ने फांसी लगाए जाने की बात कही थी लेकिन चिकित्सकों को उसके गले पर फांसी जैसे निशान नहीं मिले हैं, साथ ही परिजन फांसी लगाए जाने का कारण भी नहीं बता सके। बताया गया है कि मृतक के गले में चेन का निशान मिला है तथा उसने जो पैंट पहनी थी वह घुटनों तक गीली थी। उल्लेखनीय है कि मृतक कैलाश नाथ गांव में निजी क्लीनिक संचालित करता था।

## समाज को जोडने़ का काम करती है भाजपा

छतरपुर - भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा दल है जो राजनीति से ऊपर उठकर समाज को जोडने़ का काम करता है। पार्टी की जो पंचनिष्ठा है उसमें राष्ट्रवाद सर्वोपरि है। हर घर तिरंगा अभियान इसी भावना का परिचायक है। यह बात भाजपा के प्रदेशमंत्री व जिला संगठन प्रभारी प्रभु दयाल कुशवाहा ने कही। वे स्थानीय भाजपा कार्यालय मे आयोजित कामकाजी बैठक को मुख्यअतिथि की हैसियत से सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने की और छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव राजनगर

### कानून धरातल पर उतारना हमारी जिम्मेदारी: सकलेचा

# महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े अपराधों के मामले में अतिरिक्त संवेदनशीलता आवश्यक: शिखा छिब्बर

### जुलाई से लागू हुए नये कानून और मानव दुर्व्यापार विषय पर आवाज और महिला सुरक्षा शाखा, म.प्र. के संयुक्त तत्त्वावधान में एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न






**मंडला/** नए कानून को जमीन पर उतारना हमारी यानी पुलिस की जिम्मेदारी है इसलिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमको कानून में हुए बदलाव के बारे में जानकारी हो। उक्त बात आज मंडला में ÷नये कानून और मानव दुर्व्यापार÷ विषय पर आवाज संस्था एवं महिला सुरक्षा शाखा,म.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में श्री रजत सकलेचा, पुलिस अधीक्षक, मंडला ने एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर कही7 उन्होंने कहा कि आवाज संस्था अच्छा काम कर रही है और मानव दुर्व्यापार विषय पर बेहतर प्रशिक्षण आयोजित किया है। इसके पहले श्री सकलेचा ने दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

इसी अवसर पर पीयूष कुमार मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक, महिला सुरक्षा ने कहा कि रिपोर्ट हुए केस वास्तविक संख्या से अलग हो सकते हैं। आदिवासी समुदाय के लोग बाहर काम के लिए जाते हैं और जानकारी के अभाव में दुर्व्यापार के चक्र में फंस जाते हैं। इस मौके पर प्रशिक्षक की भूमिका निभा रही भोपाल से पधारीं सुश्री शिखा छिब्बर ने बताया कि महिलाओं और बच्चों को लेकर काफी बदलाव हुए हैं जिन्हे समझने और सही से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने मानव दुर्व्यापार को लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों और नए प्रावधानों का भी जिक्र किया। दस्तावेज नए कानून में किस तरह से सहेज कर रखना है भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत बताया।

मंडला में आवाज के जिला समन्वयक श्री सत्यनारायण डहेरिया ने बताया कि मंडला एक संवेदनशील जिला है यहां आदिवासी समुदाय की अधिकता है और बढ़ा हुआ लिंगानुपात एक संवेदनशील फैक्टर के रूप में काम करता है। मंडला एक ट्रैफिकिंग के लिए एक स्त्रोत जिले के रूप में है जहां से बच्चों को अलग अलग उद्देश्य से बाहर भेजा जाता है और इसमें अधिकतर परिचित व्यक्ति ही ट्रैफिकिंग में शामिल होता है।

इस कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) सचिव प्रवीण सिन्हा व पॉक्सो न्यायालय के न्यायाधीश हेमराज सनोदिया भी मुख्य अथितियों में शामिल रहे। उन्होंने पॉक्सो केसेस में सपोर्ट पर्सन की ओर ध्यान दिलाया।

आवाज के राज्य समन्वयक विजय बघेल ने कहा कि आवाज बाल संरक्षण और मानव दुर्व्यापार विषय पर मध्यप्रदेश के 6 जिलों में काम कर रहा है।

आज के प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानो के बाल कल्याण अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी सुश्री मधु मेरावी, महिला सुरक्षा का स्टाफ सहित कुल 54 अधिकारियों पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण किया गया द्य सभी पुलिस पदाधिकारियों को दो दलों में बांट कर नए कानून के अनुरूप सभी को शामिल करते हुए रोचक तरीके से नाटक भी कराया गया।

प्रशिक्षण में सम्मिलित सभी लोगों का आभार प्रदर्शन एसजेपीयू प्रभारी मधु मेरावी ने किया7

## इंदौर से सवा 10 लाख के जेवर चुराकर टीकमगढ़ भागी 2 महिलाओं को पकड़ा

### ज्वेलर्स को उलझाकर वारदात की, पुलिस ने उनके गांव पहुंचकर गिरफ्तार किया

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ की दो महिलाएं ज्वेलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंची और दुकानदार को बातों में उलझाकर वहां से 9 जोड़ी सोने के टॉप्स चुरा ले गई। दोनों से 10 लाख 39 हजार के जेवर बरामद हुए हैं।

जोन चार के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आनंद यादव के अनुसार, सराफा थाने पर 24 जुलाई को फरियादी मोहनलाल सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी छोटा सराफा में दुकान है। घटना वाले दिन दो महिलाएं जेवर लेने आई थी। मैं जेवर बता रहा था, तभी प्लास्टिक की थैली में रखे टॉप्स साड़ी में छुपा लिए और वहां से कुछ देर बाद चली गई। जब रेक पर रखे जेवर वापस बॉक्स में रखने लगा तो टॉप्स नहीं दिखे। दुकान के कैमरे चेक किए तो महिलाएं टाप्स साड़ी में छुपाते दिखाई दी। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी।

उज्जैन तक खंगाले 600 कैमरे

आरोपी महिलाओं को पकड़ने पुलिस ने उज्जैन तक 600 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इस



दौरान सूचना मिली कि टॉप्स चुराने वाली महिलाएं ग्राम तिलवारन पहाडी थाना कोतवाली टीकमगढ में रहती है। तत्काल पुलिस की टीम टीकमगढ़ रवाना की गई। वहां से दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि वे वारदात के बाद अपने गांव लौट आती है, ताकि पुलिस गिरफ्त से बच सके। आरोपियों से 6 जोड़ी टाप्स, सोने के तीन हार, चांदी का कंदौरा, चांदी की 10 जोड़ बिछिया, 8 जोड़ पायल जब्त की गई। महिलाएं चोरी करने के दौरान अपने बच्चो को भी साथ लेकर आती थी। इस कारण कोई उन पर ध्यान नहीं देता था और आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाती थीं। पुलिस पकड़ी गई महिलाओं से पूछताछ करने में जुटी हुई हैऔर जल्द ही कुछ और खुलासे होने की उम्मीद है।

## जन जन का अभियान बने घर घर तिरंगा : पंकज जोशी

### पांच हजार तिरंगा झंडा लगाने का हर मंडल का लक्ष्य निर्धारित

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** घर घर तिरंगा अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता जन प्रतिनिधियों एक साथ पूरी निष्ठा के साथ इस अभियान में जुडकर इसे जन जन का अभियान बनाएं। 12 ,13 एवं 14 अगस्त को अपने घरो पर तिरंगा लगाकर उसके वीडियों बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करें। अभियान में हर वर्ग की भागीदारी हो यह सुनिश्चित करे। उद्बोधन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी ने भाजपा कार्यालय में घर घर तिरंगा अभियान की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। कि पहले भी हर घर तिरंगा अभियान चला चुके है। नवाचार के लिए हर कार्यकर्ता का सुझाव और अनुभव महत्वपूर्ण होगा 14 अगस्त को अखंण्ड भारत संकल्प दिवस मनाना है। अभियान हर बूथ तक सफल करने के लिए बेहतर प्रबंधन जरूरी है। संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कहा कि घर घर तिरंगा अभियान के तहत टोली बनाकर भारत माता के जयकारा को घर घर पहुंचाने की जरूरत है। वहीं युवा मोर्चा अध्यक्ष भास्कर मगरदे ने कहा सभी मोर्चो के सामुहिक प्रयास से स्वतंत्रता सैनानीयों की प्रतीमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर तिरंगा यात्रा की तैयारी करनी है। संचालन कमलेश सिंह एवम संयोजक देवीसिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। बैठक में विधायक हेमंत खंडेलवाल युवा मोर्चा अध्यक्ष भास्कर मगरदे ,डा.योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख, गंगा उइके राजा पंवार मंचासीन थे। बैठक में जिला पदाधिकारी मंडल प्रभारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा महामंत्री, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उपाध्यक्ष सदस्य,जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य, नपा अध्यक्ष पार्षद नरेन्द्र गढेकर,कृष्णा गायकी, मौजूद थे।

## कांग्रेस ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की घोषणा को बताया

### महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता**

**बैतूल।** जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के विरोध में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने कहा कि बैतूल में मेडिकल कॉलेज केवल सरकारी मोड में



ही खोला जाना चाहिए। शहीद भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई। कांग्रेस का आरोप है। कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बैतूल में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई थी। कॉलेज पीपीपी मोड में खोला जाएगा यह नही कहा था। कांग्रेस ने इसे वादा खिलाफी बताया है। कहा मेडिकल कॉलेज द्वारा संसाधनों के बदले में जनता को सेवाएं निशुल्क मिलेंगी। और किन सेवाओं के लिए भुगतान करना पड़ेगा। यदि मेडिकल कॉलेज संचालक जिला अस्पताल की सुविधाओं का मुफ्त में उपयोग करता है। तो सभी 500 बेड पर निशुल्क इलाज होना चाहिए। मेडिकल कॉलेज के लिए निवेश का बैतूल के बेरोजगारों को क्या लाभ मिलेगा। सीएसआर के तहत क्या करेगा। स्पष्ट करें । पीपीपी मोड पर प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज संचालक द्वारा सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत जिले में क्या खर्च किया जाएगा और विकास में क्या योगदान मिलेगा। कांग्रेस ने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग कि है। और मेडिकल कॉलेज केवल सरकारी मोड में ही खोले जाने की मांग की है। इस अवसर पर रामू टेकाम शांतिलाल तातेड़, समीर खान मनोज मालवे, राहुल उइके, नेकराम यादव, मनोज देशमुख ,किशोर चौहान, विक्की सिंह, प्रशांत राजपूत, अरुण गोठी नितिन गाडरे, संभागीय प्रवक्ता हेमन्त पगारिया सेवा दल कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग मिश्रा सहित सैकड़ों कांग्रेस जन मौजूद थे।

## मिशन मोड में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें : उप मुख्यमंत्री

### पटवारियों को नक्शा तरमीम के 10 प्रकरण प्रतिदिन निराकरण का लक्ष्य दें

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभाग की छवि सुधारने का अच्छा अवसर राजस्व महाअभियान है। सभी राजस्व अधिकारी मिशन मोड में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। प्रकरण में अनावश्यक पेशियाँ न दें। सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें। नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन नक्शा तरमीम के 10 प्रकरण निराकृत करने का लक्ष्य दें। एसडीएम और तहसीलदार इस लक्ष्य की पूर्ति की हर सप्ताह समीक्षा करें। किसानों तथा आमजनता के हितों को सर्वोपरि मानते हुए अपना कार्य करें। लंबे समय तक चलने वाले छोटे से भूमि के विवाद, पारिवारिक कलह और सामाजिक समस्याओं के कारण बनते हैं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा शहर तथा नजूल क्षेत्र के अनुपलब्ध जमीन के नक्शे प्राप्त करने के लिए आयुक्त भू अभिलेख कार्यालय में प्रयास करें। अभियान के दौरान बटवारे तथा नामांतरण के जो प्रकरण निराकृत हो रहे हैं उनमें तत्काल ही नक्शा तरमीम करा दें।



तहसीलदार जमीन के संबंध में पारित आदेशों का पटवारियों से पालन सुनिश्चित कराएं। अभिलेखों में सुधार के प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत करें। स्वामित्व योजना के तहत जिन क्षेत्रों में ड्रोन सर्वे हो चुका है वहाँ के पात्र हितग्राहियों की सूची बनाकर उन्हें आवासीय भूमि के भू अधिकार पत्र प्रदान करें। राजस्व महाअभियान हमारे लिए चुनौती भी है और कार्य करने का बड़ा अवसर भी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर कलेक्टर शहर की विभिन्न कालोनियों के फ्री होल्ड लीज के प्रकरण निराकृत कराएं।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान की जानकारी देते हुए बताया कि लंबित राजस्व प्रकरणों का तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। नक्शा तरमीम, अभिलेखों में सुधार तथा अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत किए जाते हैं। स्वामित्व योजना में सभी पात्र व्यक्तियों को 30 सितम्बर तक भू अधिकार पत्र वितरित कर दिए जाएंगेद्य बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज द्वारा सावन हरियाली तीज महोत्सव का हुआ आयोजन, महिलाओं ने एक दूसरे को झुलाया झूला, नाच-गाकर की मस्ती, अगल-अलग प्रतियोगिताओं में जीते गिफ्ट

**धार।** अग्रवाल समाज धार द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सावन की हरियाली तीज पर मेला और उत्सव मनाया गया।अग्रवाल समाज धार की ओर से सावन हरियाली तीज मेला महोत्सव 2024 का आयोजन बुधवार को जेएमडी पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल,अतिथि डॉ.के सी जिंदल सहित कार्यकारणी सदस्यों ने दीप प्रज्वलन व महाराजा अग्रसेन जी का पूजन अर्चना के साथ महाराजा अग्रसेनजी के जयकारों के साथ किया।जिसके बाद पौधारोपण भी किया ,तीज महोत्सव में महिलाओं ने रंगीलो सावण आयो रे सुरंगों सावण आयो .. आयी आयी सावनीये री तीज... गीत के साथ सावन की हरियाली तीज के अवसर पर गीतों पर सांस्कृतिक नृत्य किया। उत्सव के दौरान झूले लगाये गये। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने एक-दूसरे को झूला झुलाया। संगीत और नृत्य ने आयोजन में चार-चांद लगा दिए। समाज की महिलाओं ने सावन के लोकगीत गाकर उत्सव के माहौल को खुशनुमा बना दिया। जिसके बाद अग्रवाल समाज धार के महिला कार्यकारिणी सदस्य बबिता अग्रवाल,संतोष गुप्ता,शीतल अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, प्रतिभा गोयल, अर्चना अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, रीना गोयल, मधु अग्रवाल ने तीज उत्सव के आकर्षण प्रतियोगिता,सरप्राइज तंबोला खिलवाया, छाता मेरा स्टाइलिश प्रतियोगिता में प्रथम मिताली मोदी,द्वितीय पायल मोदी, रील बनाओ सहेलियों संग इतराओ प्रतियोगिता में प्रथम सुरभि एंड ग्रुप द्वितीय योगिता एंड ग्रुप, खेल में खेल प्रतियोगिता में अनिता गर्ग एंड ग्रुप,द्वितीय प्रिया मोदी एंड ग्रुप रहा।

समाज द्वारा मेले में विभिन्न तरह के भुट्टे,भेल,खस्ता,साबूदाना खिचड़ी,पानी पताशे,सहित कई अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल सहित महिलाओं बालिकाओं के लिये झूले, सेल्फी प्वाइंट व छोटे बच्चों के लिए अन्य झूले लगाया गया।समाज की बालिकाओं व महिलाओं द्वारा शॉपिंग मेले में हाथों से बनाई गई वस्तुओं सहित अन्य दुकाने भी लगाई गई। महिला मंडल ने बताया कि तीज हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। हरियाली तीज हमें बचपन की याद दिलाती है। जब परिवार की महिलाओं के साथ तीज पर झूले झुलते थे। तीज पर आयोजित कार्यक्रम हमारे लिए बेहद खास होता है। यह हमारी संस्कृति का परिचायक है। कार्यक्रम के माध्यम से हम अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं। महिलाओं ने बताया कि आज बागों में झूले नहीं लगते हैं। वक्त के साथ भले ही त्यौहारों में बदलाव आया है। महिलाओं की आपसी एकता का परिणाम है कि अग्रवाल समाज आज भी अपनी संस्कृति को बनाए रखे हुए है। हरियाली तीज को लेकर समाज की महिलाओं में हमेशा उत्साह रखता है। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नवीन गर्ग,डॉ जिंदल, प्रतीक मित्तल ,राजेश गुप्ता, दीपक गुप्ता,जगदीशचन्द्र अग्रवाल,कैलाश मालक,घनश्याम अग्रवाल,विनय अग्रवाल,अभिषेक अग्रवाल,संजय अग्रवाल,मोनू अग्रवाल, राहुल अग्रवाल,वैभव अग्रवाल, महिला मंडल सदस्य एवं सम्पूर्ण अग्रवाल समाज परिवार मौजूद रहा उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी श्याम मंगल लेबड़ ने दी।

# बेंगलुरु इंटरैक्टिव सत्र से मध्य प्रदेश को मिला 3200 करोड़ का निवेश, गूगल क्लाउड से मिला ये प्रस्ताव



इस समय मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव इंटरेक्टिव सेशन के तहत बेंगलुरु में है। मध्य प्रदेश को बेंगलुरु के इंटरेक्टिव सेशन का काफी फायदा हुआ। इससे 3200 करोड़ के निवेश मध्य प्रदेश में आए हैं। इससे 7 हजार नए रोजगार पैदा होंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश में गूगल क्लाउड ने स्टार्टअप हब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का प्रस्ताव दिया है। साथ ही तेजस विमान निर्माता हिंदुस्तान ऐरोनाटिक्स ने भी प्रदेश में रक्षा उद्योग की स्थापना में इंट्रस्ट दिखाया है।

# स्थाई भविष्य हेतु भारत के दृष्टिकोण का प्रदर्शन करेगा विंडर्जी इंडिया 2024

भोपाल। भारत, पवन ऊर्जा के क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर बन चुका है। वर्तमान में, विश्व स्तर पर पवन ऊर्जा स्थापना के मामले में भारत चौथे स्थान पर है और नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतरीन विकास का गवाह है। जून 2024 तक, भारत की निश्चित पवन ऊर्जा क्षमता 46,656 मेगावाट से अधिक पंहुच गई है, जो इसे स्वदेशी और वैश्विक स्तर पर पवन ऊर्जा के विकास के लिए सबसे बड़े उत्पादकों और समर्थकों में से एक बनाती है। पवन ऊर्जा क्षेत्र, भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक-आर्थिक लाभ भी प्रदान करता है। जैसे कि पवन फार्मों के निर्माण और संचालन चरणों के दौरान, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिलते हैं। इसके अलावा, पवन ऊर्जा, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, ऊर्जा सुरक्षा में सुधार करने और स्वच्छ बिजली पंहुचाने में मदद करती है।विंडर्जी इंडिया 2024, पवन ऊर्जा क्षेत्र का प्रमुख उद्योग मंच, 23-25 अक्टूबर 2024 तक चेन्नई ट्रेड सेंटर, तमिलनाडु में छठी बार अपनी विशाल क्षमता और आकर्षक अवसरों का प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित है।

# टाटा मोटर्स ने एसयूवी कूपे के साथ मिड-एसयूवी सेगमेंट में मचाया तहलका

**मुंबई, एजेंसी।** एक नए एसयूवी डिज़ाइन के युग की शुरुआत करते हुए, भारत की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज आधिकारिक तौर पर क्रवडाटईवी लॉन्च किया और टाटा कर्व को प्रदर्शित किया। शेप्ड टू स्टन, शेप्ड फॉर ग्रैंडियर, शेप्ड फॉर परफॉर्मेंस, शेप्ड फॉर इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और शेप्ड फॉर एब्सोल्यूट सेफ्टी के 5 प्रमुख स्तंभों पर आधारित कर्व, कंपनी के मिड-साइज़ एसयूवी सेगमेंट में प्रवेश का प्रतीक है। टाटा मोटर्स की एसयूवी रेंज में यह नया जोड़ एसयूवी की मजबूती और कूपे की सुंदरता का एक अनूठा मिश्रण है। टाटा मोटर्स को गर्व है कि उन्होंने भारत में पहला एसयूवी कूपे कर्व लॉन्च किया, जो बॉक्सी-एसयूवी बॉडी स्टाइल के वर्चस्व वाले सेगमेंट में परंपरा को तोड़ते हुए इस खास बॉडी स्टाइल को पेश करने वाली पहली ओईएम हैं। 2022 में जैसा बताया गया था, आज कंपनी सबसे पहले क्रवडाटईवी लॉन्च कर रही है, और जल्द ही इसका पेट्रोल/डीजल मॉडल भी आएगा। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के एडवांस्ड प्योर ईवी आर्किटेक्चर - एक्टी इवी पर बना यह दूसरा वाहन है, जो भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की दुनिया में एक बड़ी छलांग है।इस लॉन्च के मौके पर बोलते हुए, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री शैलेश चंद्रा ने कहा, %' आज, हमारी एसयूवी यात्रा में एक नया महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा है।

# फोनपे ने प्री-अप्रूव्ड टर्म लाइफ इंश्योरेंस लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** फोनपे ने अपने प्लेटफॉर्म पर प्री-अप्रूव्ड टर्म लाइफ इंश्योरेंस फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। इस फीचर का उद्देश्य पॉलिसी खरीद के समय इनकम प्रूफ की जरुरत को खत्म करके लाखों भारतीयों के लिए इंश्योरेंस कवरेज को अधिक आसान और किफायती बनाना है। इस लॉन्च के साथ, फोनपे इंश्योरेंस प्रोडक्ट लेने में उसे आसान बनाकर भारत में वित्तीय रूप से कमजोर वर्ग के लिए एक नया अध्याय शुरू कर रहा है, जिससे लोगों को परेशानी मुक्त आय को वेरिफिकेशन किए बिना जल्द और आसानी से लाइफ इंश्योरेंस लेने की सुविधा मिलेगी। कंपनी ने अपने प्लेटफॉर्म पर इस सुविधा को शुरू करने के लिए प्रमुख इंश्योरेंस कंपनियों के साथ पार्टनरशिप की है। यह पार्टनरशिप इंश्योरेंस कंपनियों को अब ज्यादा यूजर को विशेष रूप से 30 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को सेवा प्रदान करने में मदद करेगी, जो पहले इनकम प्रूफ के अभाव में टर्म इंश्योरेंस का लाभ नहीं उठा पाते थे। लॉन्च पर बात करते हुए, फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के सीईओ विशाल गुप्ता जी का कहना है कि, हम अपने प्लेटफॉर्म पर %प्री-अप्रूव्ड सम एश्योर्ड फीचर के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। इस लॉन्च का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक-आर्थिक स्तरों वाले भारतीयों के लिए इस प्रोडक्ट को अधिक सुलभ और किफायती बनाकर इससे वंचित ग्राहकों को टर्म लाइफ इंश्योरेंस के दायरे में लाना है।

# अमेज़न इंडिया स्थानीय कारीगरों और वहनीय फैशन का मनाएगी जश्न

**बेंगलुरु।** अमेज़न इंडिया राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2024 मनाएगी, जिसमें हथकरघा कारीगरों और वहनीय फैशन पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा। कंपनी विक्रेताओं के लिए अपने प्रमुख कार्यक्रमों में से एक - अमेज़न कारीगर को आगे बढ़ाएगी ताकि हथकरघा उद्योग के वहनीय महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके, देश भर से उत्कृष्ट हथकरघा उत्पादों का प्रदर्शन किया जा सके और हाशिए पर पड़े बुनकर समुदायों को आर्थिक अवसर प्रदान किए जा सकें। ग्राहक भारत के 25 राज्यों के क्षेत्रीय विभिन्न शिल्पों को दर्शाने वाले 1.5 लाख से अधिक उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। अमेज़न बिस्व बांग्ला, पंथोइबी, गर्वी गुर्जरी, हाउस ऑफ हिमालया और अन्य सहित 35 से अधिक राज्य एम्पोरियम से चयन का एक संग्रह भी लॉन्च करेगी।अमेज़न कारीगर कार्यक्रम 18 लाख से ज़्यादा कारीगरों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है और इसमें देश भर की 470 से ज़्यादा अनूठी कला और शिल्प सहित 2 लाख से ज़्यादा हस्तनिर्मित उत्पाद शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में, 2,500 से ज़्यादा मास्टर बुनकर, सहकारी समितियां, कारीगर तथा वस्त्र, कुटीर उद्योग, आदिवासी कल्याण जैसे विभिन्न मंत्रालयों के तहत आने वाले सरकारी संगठन ऑनलाइन बिक्री के लिए अमेज़न.इन के प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आध्यात्मिक और योग गुरु श्री श्री रविशंकर से लिया आशीर्वाद

## मध्यप्रदेश में गौ-संरक्षण के लिए सरकार के प्रयास सराहनीय-श्री श्री रविशंकर





मुख्यमंत्री डॉ. यादव आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर का भ्रमण करते हुए गुरु श्री श्री रविशंकर के साथ गौ-शाला का अवलोकन किया। उन्होंने गौ-वंश को दुलार करते हुए अपने हाथों से गुड़ भी खिलाया।।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने बेंगलुरु प्रवास के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के सेंटर पहुंचे एवं आध्यात्मिक और योग गुरु श्री श्री रविशंकर से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। गुरु श्री श्री रविशंकर ने प्रसाद स्वरूप मुख्यमंत्री डॉ. यादव को फल और नारियल से भरी थाली प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंगवस्त्रम् पहनाकर गुरु श्री श्री रविशंकर का अभिनंदन किया। गुरु श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बातचीत के दौरान प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की खुशहाली और उन्नति के लिए गुरु श्री श्री रविशंकर से मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर में शिक्षा प्राप्त कर रहे मध्यप्रदेश के बच्चों की कुशलक्षेम जानी।

# ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स को स्थापित एवं विकसित करने मिलेगी हर संभव मदद और सुविधा मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट मध्यप्रदेश रोड-शो में जीसीसी पर राउंड-टेबल मीटिंग में उद्योगपतियों से किया संवाद,जीसीसी के लिए संवाद का क्रम लगातार रहेगा जारी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को स्थापित एवं विकसित करने के लिए हर संभव मदद और सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैंगलुरू में इन्वेस्ट मध्यप्रदेश रोड-शो के दौरान जीसीसी पर राउंडटेबल मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों और इन्वेस्टर्स को आश्वस्त किया कि बैंगलुरू जैसे टियर-1 शहर की सभी आवश्यकताएं एवं अनुकूलता प्रदेश के विभिन्न शहरों में विकसित की जाएगी। जीसीसी एवं उसके लिए आवश्यक सभी क्षेत्रों में समान रूप में अधोसंरचना और सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे कि प्रदेश के जीसीसी को स्थापित होने के लिए अनुकूल ईको-सिस्टम मिल सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीसीसी को प्रदेश में स्थापित करने के लिए उद्योगपतियों से लगातार संवाद का क्रम जारी रहेगा।

राउंड-टेबल मीटिंग में जीसीसी की स्थापना, अनुकूलता, संभावना और निवेश पर विस्तृत चर्चा की गई। बैंगलुरू एवं देशभर से प्रसिद्ध जीसीसी कंपनी के प्रतिनिधियों ने जीसीसी के लिए आवश्यक टैलेंट बिल्डिंग, अधोसंरचना, निवेश, इको सिस्टम, कोलेब्रशन, कनेक्टिविटी, रोजगार के अवसर विकसित करने संबंधी विचार रखे और आवश्यक सुझाव दिए। मीटिंग में विभिन्न उद्योगपतियों सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें।

# मप्र में सभी निवेशकों और उद्योगपतियों का है स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने आईटी सेक्टर की राउंड-टेबल मीटिंग में किया आहवान



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईटी, आईटीइएस और ईएसडीएम सेक्टर के सभी निवेशकों और उद्योगपतियों का मध्यप्रदेश में निवेश के लिये आहवान करते हुए स्वागत किया है। उन्होंने राउंड-टेबल मीटिंग में संवाद करते हुए कहा कि निवेशकों और उद्योगपतियों को आईटी और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में निवेश करने पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेंगलुरु में इन्वेस्ट मध्यप्रदेश अंतर्गत इंटरैक्टिव सेशन में आईटी, आईटीइएस और ईएसडीएम सेक्टर की राउंडटेबल मीटिंग में निवेशकों और उद्योगपतियों से संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईटी, आईटीइएस और ईएसडीएम सेक्टर की मांग को पूरा करने के लिए प्रदेश के एक्सीलेंस कॉलेज, आईटीआई और विश्वविद्यालयों में रोजगार परक कोर्सेस का संचालन किया जा रहा है। इनसे इस सेक्टर में मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में हरसंभव मदद मिलेगी। यह क्षेत्र वर्तमान परिदृश्य में सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला है।

इंटरैक्टिव सेशन में वैश्विक व राष्ट्रीय परिदृश्य में आईटी में किये जा रहे प्रयासों व क्षेत्र की आवयश्कता के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा हुई। निवेशकों और उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में आईटी क्षेत्र की प्रगति के लिए निवेशकों और उद्योगपतियों ने टेक्नीशियन की उपलब्धता, क्रिएटिव डिजाइनर, इनक्यूबेटर की सुविधा, यूनिकॉर्न और स्टार्ट-अप के लिए इको सिस्टम, कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग, आईटी यूनिवर्सिटी, फंड मैनेजमेंट आदि पर विचार रखे और सकारात्मक सुझाव दिए।

# आईटीसी सनफीस्ट ने बच्चों के लिए लॉन्च किया पौष्टिक बिस्किट सुपर एग एंड मिल्क '

**कोलकाता, एजेंसी।** आईटीसी सनफीस्ट हमेशा से ही ग्राहकों को कुछ नया और खास अनुभव प्रदान करने के लिए मशहूर रहा है। इसी कड़ी में आईटीसी सनफीस्ट ने आज मुर्गी और गायों के बीच अपनी अनोखी कॉन्फ्रेंस की अयोजना की है। इस कॉन्फ्रेंस में प्रतिनिधियों के बीच एक चर्चा हुई, जहां उन्होंने अच्छा पोषण प्रदान करने में उनके योगदान पर जोर देते हुए बच्चों के लिए दूध और अंडे को अधिक आकर्षक बनाने की चुनौतियों पर विनोदपूर्वक प्रकाश डाला।सम्मेलन में साधारण बातचीत के बाद, एक बड़ी पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। यहां उपस्थिति मशहूर हस्तियों में श्री मदन मोहन मैती, चेयरमैन, नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी ( पश्चिम बंगाल, डॉ. दुलाल चंद्र सेन, वाइस चेयरमैन, आइडीए पूर्वी क्षेत्र, डॉ. अनन्या भौमिक, क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट एवं लाइफस्टाइल कंसल्टेंट, सेलिब्रिटी मॉम कोनिका बनर्जी, अर्चना सिन्हा, को-फाउंडर एवं सीईओ, नरिशिंग स्कूल्स उपस्थित थी। पैनल ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के विकास के सालों में अंडा और दूध दोनों ही बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ये दोनों विटामिन ए, डी, ई, आयरन आदि जैसे कई अन्य पोषक तत्वों के साथ प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

इस नए प्रोडक्ट के लॉन्च पर बात करते हुए, आईटीसी फूड्स के बिस्कुट एवं केक क्लस्टर के सीओओ, श्री अली हैरिस शेरे ने कहा, हमारे कंज्यूमर रिसर्च में यह बात सामने आई है कि माताएं अंडे एवं दूध को बच्चों के लिए सबसे जरूरी भोजन मानती हैं, हालांकि, व्यक्तिगत रूप से ये चीजें बच्चों के खाने के लिए बहुत सुविधाजनक नहीं हैं।

# एबिटा में 28 प्रतिशत की सालाना वृद्धि

हैदराबाद, एजेंसी। सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सिगाची) (बीएसई= 543389, एनएसई= सिगाची) दुनिया में माइक्रो क्रिस्टलीय सेलुलोज (एमसीसी) के अग्रणी निर्माताओं में से एक है। कंपनी ने आज अपनी बोर्ड बैठक में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही (समेकीकृत) के लिए कंपनी ने ऑपरेशन से राजस्व 957 मिलियन रुपये दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एबिटा में सालाना आधार पर 28.05 प्रतिशत की उछाल देखी गई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के 164 मिलियन रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 210 मिलियन रुपये हो गया।

## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ हुआ संपन्न

# लर्निंग को आजीवन अपनी लाइफ का अहम हिस्सा बना कर रखिएगा: डॉ अदिति चतुर्वेदी वत्स



भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का दो दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीक्षारंभ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ अदिति चतुर्वेदी वत्स, बतौर मोटिवेशनल स्पीकर अनन्या पैकेज प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और मंडीदीप इंडस्टरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राजीव अग्रवाल, विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स डॉ संजीव कुमार गुप्ता और कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रतीक निगम विशेष रूप से उपस्थित थे। वहीं समापन अवसर पर वरनेट ग्रुप भोपाल के निदेशक श्री मधुर जैन बतौर मोटिवेशनल स्पीकर, श्री राहुल सिंह परिहार, ईटीआई प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल,

डॉ अनंत कुमार सक्सेना, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ अदिति चतुर्वेदी वत्स ने युवा विद्यार्थियों का स्वागत करते कहा कि आपका विश्वविद्यालय में गोल्डन पीरियड आफ लाइफ है। आप सब अपने भविष्य को संवारने के लिए अपने फैसले खुद लेंगे और इसकी जिम्मेदारी भी आपकी ही होगी। यूनिवर्सिटी लाइफ को डिसिप्लिन में रखिएगा। अब आपकी लाइफ के उतार चढ़ाव को आप करीब से देखेंगे। यह रियल वर्ल्ड है आपको इसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी, हार्ड वर्क से ही जीत सकते हैं। विश्वविद्यालय से आप अगले चार-पांच वर्षों में अपना भविष्य सुनहरा बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत करिए, हम आपके साथ हर कदम पर हैं। इस दौरान उन्होंने नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने आगे विद्यार्थियों को बताया कि आज मेंटल स्ट्रेस को कंट्रोल करने के लिए खुलकर बात करिए, आप स्ट्रेस से बाहर आ जाएंगे। लर्निंग को आजीवन अपनी लाइफ का अहम हिस्सा बना कर रखिएगा।इस मौके पर डॉ राजीव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप इस लाइफ को उत्सव के रूप में जिएं। उन्होंने छात्रों को पेंसिल की स्टोरी पर बातें रखते हुए पांच बातें याद रखना को कहा, पहला - तुम अपनी जिंदगी में कुछ कर सकते हो अगर अपने आप को सही हाथों में सौंप दो, दूसरा - इरेज़र की तरह तुम्हें गलतियां ठीक करने का मौका मिलेगा, तीसरा - तुम्हारे बाहर क्या है इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा तुम्हारे अंदर क्या है इससे फर्क पड़ेगा वही तय करेगा तुम क्या कर सकते हो, चौथा - शार्पनर से जब पेंसिल को छिला जाता है वैसे ही तुम्हें कभी-कभी बहुत दुखदाई पीड़ाओं से गुजरना पड़ेगा तभी तुम सक्सेस तक पहुंच पाओगे, पांचवा - जहां चलोगे वहां पर अपने निशान छोड़ जाओगे।

# नागपुर मंडल में इंटरलॉकिंग के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली 8 गाड़ियों के मार्ग परिवर्तित

भोपाल= मध्य रेलवे के नागपुर मण्डल के राजनांदगाँव-कलामना खंड में तीसरी लाइन के कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली निम्नलिखित यात्री गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है7

**मार्ग परिवर्तित गाड़ियाँ:**

1. 12807 (विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस) दिनांक 10, 11, 13, 14, 15, 18 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया विजयवाड़ा-बल्हारशाह-नागपुर होते हुए गंतव्य को जाएगी।

2. 12808 (हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेस) दिनांक 08, 12, 13, 15, 16, 17, 20 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया नागपुर-बल्हारशाह-विजयवाड़ा होते हुए गंतव्य को जाएगी।

3. 20843 (बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस) दिनांक 12, 13 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया न्यू कटनी जंक्शन-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

4. 20844 (भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस) दिनांक 08, 10, 15, 17 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-न्यू कटनी जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी।



5.20845 (बिलासपुर- बीकानेर एक्सप्रेस) दिनांक 08 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया न्यू कटनी जंक्शन - इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

6. 20846 (बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस) दिनांक 11 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-न्यू कटनी जंक्शन होते हुए गंतव्य को जाएगी।

7. 20917 (इंदौर-पुरी एक्सप्रेस) दिनांक 13 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-न्यू कटनी जंक्शन-बिलासपुर होते हुए गंतव्य को जाएगी।

8. 20918 (पुरी-इंदौर एक्सप्रेस) दिनांक 15 अगस्त 2024 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया बिलासपुर-न्यू कटनी जंक्शन-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा हृञ्श्वस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## संत पुजारी संघ प्रदेश अध्यक्ष पंडित नरेंद्र दीक्षित का जन्मदिन वृक्षारोपण कर मनाया



छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ प्रदेश अध्यक्ष पंडित नरेंद्र दीक्षित का जन्म उत्सव पर वृक्षारोपण गौ सेवा हवन प्रसाद भंडारा शिव मंदिर संपन्न किया गया जिसमें वृक्षारोपण 101 पेड़ लगाएगा जिसमें जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी शिव शंकर मिश्रा नंदू शर्मा बंटी तिवारी मदन तिवारी छोटू शर्मा नरेंद्र तिवारी अवधेश तिवारी मनोज मिश्रा मनोज द्विवेदी बंटी शर्मा संजय तिवारी मित्र मंडली उपस्थित हुई ।

## प्रशांत पितले, बने कराधान अधिकारी, पीएससी की मेरिट सूची में हुआ चयन



छिंदवाड़ा। राज्य सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित होने वाले छिंदवाड़ा का नाम रोशन करने वाले छोटी बाजार निवासी प्रशांत पितले बहुत ही होनहार और तीक्ष्ण बुद्धि के छात्र हैं उनके पिता मधुकर पितले और माता मेघा पितले और भाई चंद्रकांत ने मेहनत मजदूरी कर बड़ी आर्थिक स्थिति खराब होने के बाद भी इन्हें पढ़ाया लिखाया और प्रशांत ने दिन-रात मेहनत करके कोचिंग की तैयारी पढ़ाकर अपना जीवन यापन किया। 2019 से ये निरंतर राज्य सेवा मुख्य परीक्षा लिख रहे हैं। बचपन से ही कठिन परिश्रम करने वाले प्रशांत बिना किसी कोचिंग के परीक्षाएं दे रहे थे। राज्य सेवा आयोग के रिजल्ट में मेरिट सूची में इनका चयन हुआ और वे टैक्सेशन ऑफिसर बन चुके हैं अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और मित्रों को देते हैं उनका सपना है कि वह आगे चलकर एसडीएम बने ब्राह्मण परिवार से इस बेटे ने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। हते हैं कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती और उन्हें निश्चित सफलता मिलती है जिसका जीवंत उदाहरण प्रशांत पितले है। अभिभावक संघ, सुगम मानस मंडल, रामलीला मंडल, ब्रह्म समाज की ओर से बहुत-बहुत बधाई प्रेषित की गई।

## जिला अजाक्स छिन्दवाड़ा की बैठक आज

छिन्दवाड़ा। जिले के समस्त तहसील ब्लाक एवं जिला पदाधिकारियों के साथ समस्त आजीवन एवं साधारण सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि पूर्ण जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारिणीय कार्यकाल समाप्त होने के कारण मुझे प्रान्ताध्यक्ष जे.एन.कंसोटिया साहब द्वारा कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। अतः आदेश क्रमांक 2000/अजा. 8/2024 दिनॉक 06 अगस्त के द्वारा अब जिला अजाक्स के नये सिरे से चुनाव तक हम सभी को जिले में अजाक्स संघ को संचालित काम करने हेतु आज शुक्रवार समय 6 बजे स्थान इंडियन काफी हाउस ,बस स्टैण्ड के पास ,छिन्दवाड़ा जिले की बैठक आयोजित की गई है । जिससे सभी तहसील ब्लाक के अध्यक्षों के साथ पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी आजीवन सदस्यों व साधारण सदस्यों के साथ सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कृपया सभी बैठक में उपस्थित होकर संघ संचालन की रूपरेखा तैयार करने में अपने विचार रखें ।

## अमरवाड़ा विकास कार्य स्वीकृत

**अमरवाड़ा।** नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी के विशेष प्रयासों से अमरवाड़ा के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा स्वीकृत की गई 5 करोड रुपए की राशि से नगर में विभिन्न विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे द्व जानकारी देते हुए नगरपालिका अमरवाड़ा की लोक निर्माण विभाग सभापति कल्पना सतीश साहू ने बताया मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद् के अंतर्गत स्वीकृत 5 करोड रुपए की राशि के 27 निर्माण एवं विकास कार्यो की निविदा नगरपालिका अमरवाड़ा द्वारा जारी की गई है द्व *विगत वर्ष नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी द्वारा सभी वार्डों में बैठक कर नागरिकों की मांग पर विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य करने की घोषणा की गई थी, जिसे पूरा करते हुए कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

## शांति समिति की बैठक आज

**छिन्दवाड़ा।** जिले में 20 अगस्त 2024 को भुजलिया एवं 26 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व शांति व सद्भावनापूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से विचार-विमर्श के लिये 09 अगस्त 2024 शुक्रवार को दोपहर 03 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है । जिला प्रशासन द्वारा समिति के सभी सदस्यों से इस बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## अधिकारियों,कर्मचारियों को पुरस्कृत करने प्रस्ताव/सूची भेजने का अनुरोध

**छिन्दवाड़ा।** संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर ने बताया कि स्थानीय पुलिस ग्राउंड छिन्दवाड़ा में 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाना है। अधिकारियों/कर्मचारियों के नामों का प्रस्ताव उल्लेखनीय कार्यों के विवरण सहित कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिन्दवाड़ा में 10 अगस्त 2024 तक भेजने अनुरोध किया है। जिससे अधिकारियों/कर्मचारियों के नामों का परीक्षण कर प्रशस्ति पत्र वितरण में सम्मिलित किया जा सकें।

## अभी तक 811.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 811.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 726.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 08 अगस्त को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 08 अगस्त को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 06, मोहखेड़ में 6.3,मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# तंबाकू उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले मॉल और दुकानों पर कोटपा के तहत तत्काल करें कार्यवाहीः कलेक्टर

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गठित जिला तम्बाकू नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तंबाकू और अन्य संबंधित पदार्थों के प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक प्रसार माध्यमों में देखे गए परोक्ष या अपरोक्ष विज्ञापनों के विरूद्ध कार्यवाही करने, भारतीय तंबाकू नियन्त्रण अधिनियम 2003 के अनुभाग-5 के प्रावधानों को लागू करने के लिए समिति व्दारा किये गये कार्यों के पुनर्वलोकन पर चर्चा करने के साथ ही जिले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान समिति के सदस्यों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के.शास्त्री, कॉलेज से प्रो.डॉ.पी.एन.सनेसर, जिला जनसंपर्क अधिकारी सुश्री नीलू सोनी, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी श्री प्रमोद वासनिक व समाजसेवी श्री गुलाब चंद वात्सल्य और जिला नोडल अधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ.राहुल श्रीवास्तव उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि तंबाकू उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले मॉल और दुकानों पर कोटपा एक्ट 2023 के अंतर्गत तत्काल कार्यवाही करें। नोडल अधिकारी चालान बुक सभी विभाग प्रमुखों, पुलिस विभाग, नगर निगम, सभी सीएमओ, सीईओ जनपद पंचायत, सभी कॉलेजों में उपलब्ध कराएं। जिला और ब्लॉक लेवल एनफोर्समेंट स्क्वाड एक सप्ताह के अंदर रिवाइज कर लें। कोटपा के नियम एन.आई.सी.के माध्यम से जिले की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित कराएं। विशेष अभियान चलाकर तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही बढ़ाई जाए। जिला अस्पताल परिसर में तम्बाकू और गुटखा खाकर गंदगी फैलाने वालों पर भी चालानी कार्यवाही की जाये। सभी स्कूल-कॉलेजों में युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाए और विविध गतिविधियां आयोजित की जाएं। नगर निगम के माध्यम से सभी टोबैको वेंडर्स के लाइसेंस चेक करने का अभियान चलाएं और बिना लाइसेंस विक्रय करने वालों पर कार्यवाही करें। मिथ्या छाप (मिस ब्रांडिंग) करने वालों पर भी ड्रग इंस्पेक्टर और फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर के माध्यम से कार्यवाही कराएं। सभी शैक्षणिक संस्थाओं को अनिवार्य रूप से तंबाकू मुक्त बनाएं। उन्होंने समाजसेवी श्री गुलाब चंद वात्सल्य द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करने के संबंध में लिखे गए संदेश की सराहना की और उसके पम्पलेट छपवाकर स्कूल और कॉलेजों में वितरित करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में छिंदवाड़ा जिले में विशेष ड्राइव चलाकर कोटपा एक्ट के तहत 1.95 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया था, जिसमें जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर था। साथ ही छिंदवाड़ा जिला स्टेट अवॉर्ड प्राप्त करने वाले प्रदेश के 5 जिलों में शामिल था। भारतीय तंबाकू नियंत्रण कानून की धारा 4 के अनुसार सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर 200 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 5 के अंतर्गत तंबाकू उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन, प्रयोजन (स्पॉन्सरशिप) एवं प्रोत्साहन निषेध है। धारा 5 के उल्लंघन पर पुलिस, राज्य एवं औषधि प्रशासन का उप निरीक्षक और उसके ऊपर का एवं पुलिस उप निरीक्षक रैंक के समतुल्य कोई अन्य अधिकारी प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कार्यवाही कर सकता है। पहली बार उल्लंघन पर 02 वर्ष तक का कारावास और 1000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों एवं दूसरी बार उल्लंघन पर 5 वर्ष कारावास और 5000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों लगाया जा सकता है। धारा 6 के तहत अवस्यकों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से बचाने की व्यवस्था की गई है। सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाया जाना है। धारा 6 के उल्लंघन पर भी प्राधिकृत अधिकारी जुर्माना लगा सकते हैं। पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि सरपंच और पंचायत सचिव भी जुर्माना लगा सकते हैं। टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 2014 से गुटखा और 2023 से हुक्का भी प्रतिबंधित किया गया है। भारत सरकार द्वारा 2019 से इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

# अतिथि शिक्षक,व्यावसायिक शिक्षक की स्कूलों में नहीं हुई नियुक्ति बच्चों की पढ़ाई हुई ढप्प

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी कर दिया नए शिक्षण सत्र का टाइम टेबल

अमरवाड़ा। नगर सहित पूरी विधानसभा में हाई सेकेंडरी हाई स्कूल, माध्यमिक शालाओं में अतिथि शिक्षक और व्यावसायिक शिक्षण की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है जबकि लगभग नया शिक्षक वर्ष प्रारंभ के डेढ़ माह बीत चुका है और स्कूलों की पढ़ाई अभी शुरू नहीं हुई है बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और वही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है जिसको लेकर छात्राओं में और अतिथि शिक्षक व्यवसायिक शिक्षकों में आक्रोश नजर आ रहा है शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई जिसका खामियाजा विद्यार्थी भुगत रहे हैं

### अतिथि शिक्षक के पोर्टल में विसंगतियां नहीं हुआ अपडेट

अतिथि शिक्षक का पोर्टल केवल नाम मात्र के लिए चालू किया गया है जो पूरी तरीके से अपडेट नहीं है जिसमें अनेक विसंगतियां है इसी वजह से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति अधर में लटकी हुई है शिक्षकों ने बताया कि उसमें पोस्ट नहीं दिख रही है की कौन से स्कूल में कितने विषय की कौन-कौन सी पोस्ट है वहीं पैनल भी दिखाई नहीं दे रहा है पैनल में जो नाम रहते हैं वह भी नहीं दिख रहे वहीं जहां अतिथि शिक्षकों की पद खाली नहीं है वहां पर खाली पद दिखाई दे रहे हैं और जहां पर खाली पद है वहां पर कोई पोस्ट दिखाई नहीं दे रही है इसके अलावा जॉइनिंग का रेफरल कोड भी नहीं आ रहा है और 30 त्न कम रिजल्ट वाले अतिथियों का रिजल्ट पोर्टल में अपडेट नहीं है इसके कारण नियुक्ति भी नहीं हो रही है और अतिथि शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है

### व्यवसायिक शिक्षकों की भी नियुक्ति अधर में भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

हाई स्कूल और हाई सेकेंडरी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के नाम पर विभिन्न ट्रेडों पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है लेकिन उनकी नियुक्ति भी अभी तक नहीं हुई है जिसकी वजह से व्यवसायिक शिक्षकों का भविष्य अधर में है व्यवसायिक शिक्षकों ने बताया कि चार वर्षो में हमारी कंपनी चेंज होती है जिसके कारण भर्ती में पारदर्शिता नहीं रहती टेंडर के नाम पर व्यवसायिक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त की जाती है जिससे उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ता है व्यावसायिक शिक्षा को का भरण पोषण होता है लेकिन उनको बार-बार प्रताड़ित होने की वजह से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट है पूर्व में कार्यरत व्यावसायिक शिक्षा को कोई लोक शिक्षण संचनालय द्वारा चयन प्रक्रिया से यथावत रखा जाए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है और नियुक्ति नहीं होने के कारण स्कूलों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है स्कूल के विद्यार्थियों का भविष्य देखते हुए अतिथि शिक्षक और व्यवसायिक शिक्षकों की नियुक्ति तत्काल की जाए

## स्वतंत्रता दिवस पर हर घर लहराएगा तिरंगाः सांसद

### 13 को पांढुरना से उमरानाला 14 को दमुआ से परासिया तक निकलेगी तिरंगा यात्रा



**छिंदवाड़ा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अहवान पर हर घर तिरंगा अभियान में सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने सभी नागरिकों से इसमें हिस्सा लेने के लिए अपील की है। सांसद ने कहा कि जिले वासियों को इस अभियान को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है और 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच देश की आन,बानऔर शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराए सांसद श्री साहू ने कहा कि 13 अगस्त को पांढुर्ना से उमरानाला तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली जाएगी वहीं 14 अगस्त को दमुआ से लेकर परासिया तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। श्री साहू ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने दिल्ली से भाजपा अध्यक्ष श्री शेषराव यादव , पांडुरना जिले की अध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले, समस्त मंडल अध्यक्षों,नगरी निकाय के अध्यक्षों एवं ग्रामीण निकायों के जनप्रतिनिधियों से वर्चुअली चर्चा की सांसद श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने देश के सांसदों से चर्चा करते कहा कि हर घर तिरंगा अभियान चलाना है, साथ ही स्वच्छता को लेकर हर घर में अभियान चले, एक पेड़ मां के नाम अभियान से लोग जुड़े इसके लिए लोगों को जागरूक करना है समस्त तीनों अभियान को लेकर सांसद को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होने के लिए कहा गया । सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 10 अगस्त को लाडली बहना योजना के तहत लाडली बहनों को 1250 रुपए के साथ राखी के पावन अवसर पर 250 और दिए जा रहे हैं सांसद ने सभी पंचायत की प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा आयोजित 10 अगस्त को लाडली बहना योजना कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। सांसद ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन सभी पंचायत प्रतिनिधि बहनों से राखी बंधवाए।

## बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर भृत्य निलंबित

छिन्दवाड़ा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आदिवासी बालक छात्रावास सुरलाखापा के भृत्य भीष्म कुमार भलावी को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जिले के विकासखंड हर्रई के अधीक्षक सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास सुरलाखापा के पत्र 11 दिसंबर 2023 से प्राप्त जानकारी अनुसार आदिवासी बालक छात्रावास सुरलाखापा के भृत्य श्री भीष्म कुमार भलावी को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण कार्यालयीन पत्र 18 जनवरी 2024 के द्वारा आरोप पत्र जारी कर जवाब चाहा गया था। किन्तु भृत्य श्री भलावी द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया एवं अधीक्षक द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर पुनः अवगत कराया गया कि भृत्य श्री भलावी द्वारा संस्था में उपस्थिति नहीं दी गई है।

## अधीक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश

छिन्दवाड़ा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिन्दवाड़ा सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा आदिवासी कन्या छात्रावास चौरई की अधीक्षिका के प्रतिवेदन के आधार पर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास चौरई की अधीक्षिका श्रीमती प्रीति दुबे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास चौरई की अधीक्षिका श्रीमती प्रीति दुबे द्वारा संस्था छोडने का दबाव बनाया जा रहा है साथ ही कर्मचारी से दुर्व्यवहार किया जाता है। संस्था में कार्यरत मजदूर के द्वारा एकाधिपूर्ण रवैया एवं अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। अधीक्षिका श्रीमती दुबे के द्वारा पूर्ण भवन में मरम्मत आदि कार्य नहीं कराया जाता है। अधीक्षिका श्रीमती दुबे का यह कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही, कार्य के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है। साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) (एक)(दो)(तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम द्वारा अधीक्षिका श्रीमती दुबे को निर्देशित किया गया है कि स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 07 दिवस की समयावधि में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय में उपस्थित होकर तथ्यात्मक दस्तावेजों के साथ क्षेत्र संयोजक के अभिमत सहित प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने या स्पष्टीकरण समाधानकारक न होने की स्थिति में अधीक्षिका श्रीमती दुबे के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगी।

## नगर की होटलों में खुले आम प्लास्टिक पन्नी में दी जा रही चाय/काफी

### पन्नी में चाय/काफी देने से होता है कैन्सर



छिंदवाड़ा। नगर निगम प्लास्टिक (पन्नी)बेचने वाले दुकानदारों के यहां छापामार कार्यवाही कर रही है, किन्तु जो होटल वाले खुले आम पन्नी में चाय/काफी बेच रहे है, उन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है।

बताया जाता है कि प्लास्टिक (पन्नी) में में गरम चीज जैसे चाय काफी देते है, जिससे प्लास्टिक के कण गरम होने के कारण उसमें धुलते है। प्लास्टिक के कण शरीर में जाते है तो उससे कैन्सर होने की संभावनायें बढ़ जाती है। बहुत से एसे उदाहरण है जो प्लास्टिक की पन्नी की चाय पीते है उनको कैन्सर हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। उक्त फोटो होटल पवार का है जो पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह के घर के सामने है। पवार होटल तो उदाहरण है, नगर की अनेकों होटलों में प्लास्टिक पन्नी में खुले आम चाय दी जा रही है। नगर निगम का अमला चुप है।

**पन्नी में चाय देना बीमारी को आमंत्रण देनाः महापौर** : महापौर विक्रम अहाके ने कहा कि पन्नी में चाय काफी देना पूर्णतः गलत है, इससे बीमारी फैलती है नगर निगम टीम बनाकर छापामार कार्यवाही इसे बन्द करवायेगी।

## सिंगल यूज़ प्लास्टिक बेचना पड़ा महंगा..



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देशानुसार अमानक पॉलिथीन एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई जिसमें चार दुकानदारों के विरुद्ध 3,900 रुपए की चालानी कार्रवाई की जाकर दोबारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु समझाइए दी जाकर 5 किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक जप्त की गई। साथ ही खुले में मांस विक्रय करने वाले एक दुकानदार के विरुद्ध 2000 की चालानी कार्रवाई की जाकर दुकान को बंद कराया गया। कार्यवाही स्वच्छता निरीक्षक अरुण कुमार गढ़ेवाल द्वारा की गई। कार्यवाही के दौरान वार्ड सुपरवाइजर योगेश मंडराह एवं शैलेश कस्तूरे उपस्थित रहे।



## अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### नगदी 13000 रूपये किये जप्त



**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा अवैध रूप से अवैध गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो के विरूध्द कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई सौरव तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी चौरई दिलीप पंचेश्वर व पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 08/08/24 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हिवरखेडी में उमेर वर्मा अवैध रूप से सट्टा पट्टी काट कर अवैध रूप से लाभ अर्जित कर रहा है कि सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही की गयी जो मौके पर आरोपी उमेर वर्मा पिता बलराम वर्मा उम्र 48 साल निवासी हिवरखेडी का सोसायटी हिवरखेडी के पास मिला जिसके कब्जे से रंगे हाथ सट्टा पट्टी डाट पेन नगदी 13000 रूपये एवं मोबाईल जप्त किया गया है । पूछताछ में आरोपी उमेर वर्मा के द्वारा बताया गया कि सट्टा पट्टी काटने के बाद नीरज चौरसिया निवासी चौरई को देता हूँ । जो दोनो आरोपी के विरूध्द अप.क्र.637/24 धारा 4 क सट्टा एक्ट, 49 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द किया गया है । आरोपी उमेर वर्मा निवासी हिवरखेडी एवं नीरज वर्मा निवासी चौरई के विरूध्द पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण पंजीबध्द है जिनके विरूध्द पृथक से 129 बीएनएसएस की कार्यवाही की जा रही है ।

## हर घर तिरंगा अभियान जिले में पूरी गरिमा के साथ उत्सव के रूप में मनाया जाएः कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 10 अगस्त 2024 को प्रदेश के श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम से प्रदेश की लाडली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 1900 करोड़ रुपए की राशि अंतरित करेंगे। इस दौरान प्रदेश के सभी जिलों को मिलाकर लगभग 25000 स्थानों पर लाडली बहनों के लिए रक्षाबंधन उत्सव सह आभार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 10 अगस्त को छिंदवाड़ा जिले की सभी ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में भी रक्षाबंधन सह आभार कार्यक्रम का अयोजन उत्सव के रूप में किया जाए। जिला स्तर पर भी एक भव्य कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्था एडीएम, नगर निगम आयुक्त और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास करें।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** कलेक्टोरेट के बेतवा सभाकक्ष में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर योगेश तिवारी, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर शिरीष रघुवंशी, डबल्यूएचओ के एसएमओ डा. सागर जावेरी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. डीके शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद दीवान, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत सिंह राजपूत की उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

सर्व प्रथम प्रसव केंद्र जहां प्रसव या तो हो नहीं रहे या बहुत कम हो रहे हैं उनको प्रयास कर सारी व्यवस्था कर अधिक प्रसव कराने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं शीघ्र पंजीयन चार एएनसी जांच एवं गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण में कम उपलब्धि का कारण विकासखंड के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा काफी संख्या में उप स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम के पद रिक्त होना बताया गया। जिले में वर्तमान में जिले में एएनएम के 53 पद रिक्त है। जिस पर कलेक्टर और सीईओ द्वारा एएनएम की पद पूर्ति हेतु प्रस्ताव बनाकर नीति आयोग, भारत शासन एवं प्रमुख सचिव को भेजने हेतु और पद पूर्ति न होने तक एएनएम को हायर करके रिक्त उपस्वास्थ केंद्रों में टीकाकरण एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सुचारू ढंग से सम्पन्न कराएं और जहां पर दो एएनएम वहां से एक एएनएम को नजदीकी रिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र का प्रभार दिया जाए। सीईओ द्वारा निर्देश दिए की सभी बीएमओ अपने-अपने अधीनस्थ अमले को बीमारियों की जांच उपकरण अच्छी क्वालिटी वाले उपलब्ध कराएं जिससे रिपोर्ट सही प्राप्त होकर मरीज को उचित उपचार मिल सके।

संपूर्णता अभियान की सफलता हेतु सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया की निरंतर प्रगति हेतु नवाचार करते रहे एवं की गई गतिविधियों से जिले को अवगत कराने, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी निरंतर अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण कर राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करें।

### दोबारा सर्वे कराए जाने की मांग

# विधायक के नेतृत्व में विजय मंदिर मुक्ति समिति सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

सांध्य प्रकाश, विदिशा। विजय सूर्य मंदिर को लेकर कलेक्टर के पत्र के बाद नया विवाद शुरू हो गया है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के दस्तावेजों के अनुसार विजय सूर्य मंदिर को मस्जिद कहा गया है। जिसको लेकर विजय मंदिर मुक्ति सेवा समिति के सदस्यों द्वारा विधायक मुकेश टंडन के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर और एसपी को लिखित ज्ञापन दिया गया। जिसमें एएसआई द्वारा मंदिर को मस्जिद बताए जाने पर आपत्ति उठाई गई है। प्रदेश और केंद्र सरकार को भेजे पत्र के अनुसार इस स्थान का दोबारा सर्वे करने की मांग की गई है। राम मंदिर, ज्ञानवापी और अन्य जगहों का उदाहरण देते हुए यहां दोबारा सर्वे कर वास्तविक स्थिति पता करने की बात कही गई है ताकि मस्जिद शब्द को विलोपित किया जाए। वहीं यह भी कहा गया कि जब पूर्व में जो विवाद हिंदू मुस्लिम का था वह अलग स्थान दिए जाने के बाद पूरी तरह खत्म हो चुका है। मुस्लिम समाज भी एएसआई के फैसले



को लेकर हिंदुओं के समर्थन में है। विधायक ने मुस्लिम समाज का भी आभार प्रकट किया है। वहीं कलेक्टर ने अपनी बातचीत में मीडिया को बताया कि जो एएसआई के दस्तावेजों में उल्लेख था उसी को उन्होंने अपने पत्र में लिया है। सुरक्षा व्यवस्था और नाग पंचमी पर होने वाली पूजा को लेकर उन्होंने कहा कि जो परंपरा और जन भावना पूर्व से चली आ रही है उसका निर्वहन किया जाएगा। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने कहा कि पिछले साल जिस तरीके से सुरक्षा के इंतजाम किए थे, उसी प्रकार की स्थिति इस बार भी होगी।



**त्वरित टिप्पणी**
**जी. के. छिब्बर**

## चीन, पाकिस्तान और बंगला देश से ज्यादा खतरा अब छिपे हुवे गद्दारों से

भारत की तीव्र गति से बढ़ती अर्थ व्यवस्था और शक्ति से बड़े देश चिन्तित है उन्हे ज्ञान है की भारत की सहिष्णुता, उदारता उसकी शक्ति भी है और कमजोरी भी भारत को सत्ता के लालची लोग ही भारत को कमजोर कर सकते हैं कारण स्पष्ट है कि सदियों से बहुसंख्यक वर्ग पर अल्पसंख्यक का राज रहा और गद्दारों ने भारत और भारतीय संस्कृति को समाप्त करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी आज भी जयचंद और मीर जफरो की कमी नहीं है आज भारत को चीन, पाकिस्तान और अब बंगलादेश से उतना खतरा नहीं है जितना देश के उन छिपे हुए गद्दारों से है जो विदेशी देशद्रोहियों का एजेंडा चलाकर देश को कमजोर का सतत प्रयास कर रहे हैं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं जातीय संघर्ष उत्पन करने का प्रयास कर रहे ।

यह शर्मनाक है की विनेश फोगाट की अयोग्यता पर देशद्रोही शक्तियां सक्रिय है राजनीति हो रही है जबकि वास्तविकता खेलप्रेमी जानते है विपक्ष को यह विमर्श भी गढ़ देना चाहिए की भारत लंका की क्रिकेट के एक दिवसीय श्रृंखला में बुरी पराजय का कारण भी नरेंद्र मोदी है क्योंकि कोच गौतम गंभीर पूर्व बीजेपी सांसद है वास्तविकता यही है को नेताओं को गोल्ड मेडल अथवा किसी पदक से कोई वास्ता नहीं है उन्हे तो विमर्श खड़ा करना है अराजक स्थिति निर्मित करना है

पड़ोसी देशों का उदहारण देना है जो चिंता का विषय है झूठे विमर्श की लगातार उपेक्षा करना उदारता दर्शना देश के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है देश द्रोही अराजक शक्तियों पर गंभीरता से कदम उठाने होगे

## श्री रामचरित मानस पर शोध में सहयोग करेगा सांची विश्वविद्यालय, तुलसी मानस प्रतिष्ठान के साथ हुआ करार

**भोपाल।** अब सांची विश्वविद्यालय श्री रामचरित मानस में तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा किए जा रहे शोध में सहयोग करेगा। इसके लिए गुरुवार को श्यामला हिल्स मानस भवन में हुई बैठक में सांची विवि और मानस प्रतिष्ठान के बीच एक करार हुआ है। इसमें सहमति बनी है कि सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय अब श्रीरामचरित मानस पर हो रहे सभी शोध में सहयोग करेगा। मप्र सरकार की ओर से सहायता प्राप्त तुलसी मानस प्रतिष्ठान के साथ सांची विश्वविद्यालय ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।



प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष व भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य रघुनंदन शर्मा और सांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ की अध्यक्षता में कुलसचिव प्रो. अलकेश चतुर्वेदी और तुलसी मानस प्रतिष्ठान के सचिव कैलाश जोशी ने इस अनुबंध को हस्ताक्षरित किया।

बता दें कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व उपाध्यक्ष संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी हैं। तुलसी मानस प्रतिष्ठान श्री रामचरित मानस को केंद्रित करते हुए प्रवचन, शोध कार्य सहित अन्य गतिविधियां संचालित करता है। आध्यात्मिक शिक्षा, मूल्य शिक्षा, संस्कृति तथा धार्मिक पौराणिक साहित्य पर अनुसंधान होता है।

इस करार के तहत दोनों संस्थान शिक्षकों-शोधार्थियों के प्रयास का आदान-प्रदान, साझा शोध गतिविधियां चलाएंगे। इसके तहत शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण, पाठ्यक्रमों में मूल्यपरक विषयों का समावेश, कौशल विकास के लिए साझा कार्यक्रम, छात्रों-शोधार्थियों के लिए भौतिकी प्रशिक्षण, शैक्षणिक व प्रकाशनों का आदान-प्रदान किया जाएगा। साथ ही दोनों संस्थानों के बीच राष्ट्रीय, प्रादेशिक व स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा देने पर भी सहमति बनी है। सेमिनार, वार्ताएं, कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इसके अलावा दोनों संस्थान योग डिप्लोमा, डिग्री, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी संचालित करने पर सहमत हुए।

## आरटीओ परिसर में मारपीट, कर्मचारियों ने जताई नाराजगी, थाने तक नहीं पहुंचा मामला

**भोपाल।** राजधानी के कोकता क्षेत्र में स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में गुरुवार को मारपीट की घटना हो गई। आरटीओ संबंधी एक काम की फाइल को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। इससे नाराज कुछ लोगों ने आरटीओ संबंधी कार्य देखने वाले एक युवक की



जमकर पिटाई कर दी। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट बढ़ने पर डायल 100 वाहन में बिलखिरिया थाने की पुलिस के दो जवान आए। पुलिस ने घटना के संबंध प्रभारी आरटीओ जितेंद्र शर्मा से घटना संबंधी बातचीत की। लेकिन आरटीओ की ओर से शासकीय कार्य में बाधा डालने की शिकायत तक नहीं की गई। घटना के बाद से आरटीओ कर्मचारी डरे हुए हैं।

### घटना के विरोध में कर्मचारी लामबंद

कर्मचारी एकजुट हुए और मारपीट की घटना का विरोध जताया। कर्मचारियों का कहना है कि एजेंटों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है, इसलिए अब एजेंटों का काम नहीं करेंगे। प्रभारी आरटीओ ने कर्मचारियों को काम करने की समझाइश दी। इसके बाद कर्मचारियों ने काम करना शुरू किया।

### पहले भी हो चुकी घटना

यहां पर यह बता दें कि कुछ दिन पहले भी आरटीओ में झगड़ा व मारपीट की घटना हुई थी। इससे पहले भी एजेंट्स आरटीओ परिसर में हंगामा कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मारपीट में घायल कर्मचारी का नाम देवेंद्र है, जो लंबे समय से परिवहन अधिकारियों का काम देखता है। एजेंट उन पर काम करने का दवाब बना रहे थे, जब काम नहीं किया तो उन पर कुछ एजेंटों ने हमला बोल दिया।



चौक बाजार स्थित चौरसिया समाज श्री राम मंदिर में आज नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा की गई इस मौके पर नितेश चौरसिया की उपस्थिति में महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें काफी श्रद्धालुओं से उपस्थित रहे।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यूथ कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया।

## नागपंचमी की आपको सपरिवार मंगलमय शुभकामनाएँ

उज्जैन का नागचंद्रेश्वर मंदिर-क्यों खुलता है सिर्फ साल में एक दिन हिंदू धर्म में सदियों से नागों की पूजा करने की परंपरा रही है। हिंदू परंपरा में नागों को भगवान का आभूषण भी माना गया है। भारत में नागों के अनेक मंदिर हैं, इन्हीं में से एक हैं। नागचंद्रेश्वर मंदिर में 11वीं शताब्दी की एक अद्भुत प्रतिमा है, इसमें फन फैलाए नाग के आसन पर शिव-पार्वती बैठे हैं। कहते हैं यह प्रतिमा नेपाल से यहां लाई गई थी। उज्जैन के अलावा दुनिया में कहीं भी ऐसी प्रतिमा नहीं है।



मंदिर है उज्जैन स्थित नागचंद्रेश्वर का, जो की उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित है।

इसकी खास बात यह है कि यह मंदिर साल में सिर्फ एक दिन नागपंचमी (श्रावण शुक्ल पंचमी पर ही दर्शनों के लिए खोला जाता है। ऐसी मान्यता है कि नागराज तक्षक स्वयं मंदिर में रहते

पूरी दुनिया में यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें विष्णु भगवान की जगह भगवान भोलेनाथ सर्प शय्या पर विराजमान हैं। मंदिर में स्थापित प्राचीन मूर्ति में शिवजी, गणेशजी और मां पार्वती के साथ दशमुखी सर्प शय्या पर विराजित हैं। शिवशंभु के गले और भुजाओं में भुजंग लिपटे हुए हैं।

# भोपाल-इंदौर, ग्वालियर में बारिश:जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग में 11 से 15 अगस्त तक खुला रहेगा मौसम

**भोपाल।** भोपाल में शुक्रवार सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर में हल्की बारिश हुई। इंदौर और ग्वालियर में भी बारिश के आसार हैं। एमपी के पूर्वी हिस्से जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग के 21 जिलों में 11 से 15 अगस्त के बीच बारिश नहीं होगी। यहां मौसम साफ रहेगा और धूप खिली रहेगी।

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन और चंबल में गरज-चमक और बूंदाबांदी का दौर बना रहेगा। अगले 2 दिन प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को भिंड, दतिया, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, रीवा, सीधी, मऊगंज, डिंडौरी, अनूपपुर, सीहोर, विदिशा, रायसेन में तेज बारिश होने का अलर्ट किया है। 10 अगस्त को टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और दमोह में तेज बारिश का अलर्ट है। बाकी जिलों में बूंदाबांदी, आंधी और गरज-चमक की स्थिति रहने की संभावना है।

गुरुवार रात 9 बजे तवा बांध के गेट सीजन में तीसरी बार खोले गए। बांध का लेवल 1161.50 फीट हो गया। यह 86त्न भर गया है। जलभराव वाले एरिया में बारिश और गवर्निंग लेवल को देखते हुए 5 गेटों से 1598 क्यूबिक मीटर/सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है।



**इसलिए ऐसा मौसम-** आईएमडी भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश दामले ने बताया, %अभी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। मानसून ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। अन्य सिस्टम की एक्टिविटी के चलते प्रदेश में अगले 2 दिन तेज बारिश होने का अनुमान है, लेकिन 11 से 15 अगस्त तक पूर्वी प्रदेश में मौसम साफ हो जाएगा। पश्चिमी हिस्से में जरूर हल्की गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है।

**गुना में डेढ़, बैतूल में 1 इंच बारिश-** प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, गुना में डेढ़ इंच, बैतूल में 1 इंच, पचमढ़ी में आधा इंच बारिश हुई। भोपाल, ग्वालियर, खंडवा, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, उमरिया और बालाघाट के मलाजखंड में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।

### सीजन की 68त्न बारिश, 25.4 इंच पानी गिरा

प्रदेश में सीजन की 68त्न यानी औसत 25.4 इंच बारिश हो चुकी है। यह नॉर्मल से 3.9 इंच ज्यादा है। अब तक 21.5 इंच बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन जुलाई और अगस्त में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेशभर में तेज बारिश हुई। इस कारण बारिश का आंकड़ा बढ़ रहा।

### डैम भी 80त्न तक भरे

लगातार तेज बारिश की वजह से प्रदेश के अधिकांश डैम 80 प्रतिशत से ज्यादा भर चुके हैं। चूंकि, बड़े डैमों में पानी का लेवल तय रखना पड़ता है। इसलिए इनके गेट भी खुल चुके हैं। कोलार, बाणसागर, कुंडालिया, बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, कलियासोत, भदभदा समेत कई डैम के गेट खुल चुके हैं। हालांकि, तेज बारिश का दौर थमने से ज्यादातर डैम के गेट बंद कर दिए गए हैं।

### जबलपुर-भोपाल संभाग में सबसे ज्यादा बारिश

यदि जिले वाइज बारिश के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो जबलपुर और भोपाल ऐसे संभाग है, जहां सबसे ज्यादा बारिश हुई है। सभी जिलों में नॉर्मल से अधिक पानी गिर चुका है। जबलपुर संभाग के मंडला में सबसे ज्यादा 39.19 इंच पानी गिर चुका है, जबकि सिवनी में 37 इंच बारिश हो चुकी है। भोपाल में सीजन की 32.73 इंच बारिश हो चुकी है। 5 इंच बारिश होते ही सीजन का कोटा भी पूरा हो जाएगा। नर्मदापुरम में 33.92 इंच पानी गिर चुका है।

## मध्य प्रदेश को मिलेगी बड़ी सौगात, गूगल क्लाउड स्थापित करेगा स्टार्टअप हब, मिलेगा 7 हजार को रोजगार

**भोपाल।** प्रदेश को इंडस्ट्री हब बनाने के दिशा में लगातार काम कर रही मध्य प्रदेश सरकार के बेंगलुरु में दो दिवसीय %इंवेस्ट-मध्य प्रदेश% के आयोजन में प्रदेश के लिए 3200 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इससे सात हजार रोजगार सृजित होंगे। गूगल क्लाउड ने कुशल कार्य बल बढ़ाने के लिए प्रदेश में स्टार्टअप हब और सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव दिया है।

तेजस विमान के निर्माता हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने प्रदेश में रक्षा संबंधी उद्योग स्थापित करने में रुचि दिखाई है। एन वीडिया ने प्रदेश को %भारत की इंटेलिजेंस राजधानी% के रूप में विकसित करने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार करने का सुझाव दिया है। गुरुवार को बेंगलुरु में हुए %इन्वेस्ट-मध्य प्रदेश% के इंटरेक्टिव सत्र के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश और कर्नाटक का भाई-भाई का संबंध है, दोनों राज्यों में एक सा वातावरण है।

## सीमेंट गिट्टी से भरे जाएंगे भोपाल के दो हजार किलोमीटर सड़कों के गड्ढे



**भोपाल।** शहर में पिछले महीने हुई तेज वर्षा के कारण दो हजार किलोमीटर की सड़कें जर्जर हो गई हैं। इन सड़कों पर एक से लेकर डेढ़ फीट तक गहरे गड्ढे हो गए है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि करीब दो हजार किलोमीटर लंबी 500 से ज्यादा सड़कें जर्जर हुई हैं।

अगस्त माह के आखिर तक वर्षा के आसार हैं, लेकिन अभी वर्षा थम गई है। ऐसे में शुक्रवार से ही सड़कों की मरम्मत का काम शुरु किया जाए। यह बात गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट में गुरुवार को हुई बैठक में कही। उन्होंने नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को हिदायत दी कि मरम्मत का काम जल्द शुरु किया जाए।

वहीं, होशंगाबाद रोड, अशोका गार्डन समेत पुराने शहर की कई सड़कों के भी हाल ऐसे ही हैं। शहर की मुख्य सड़कें पीडब्ल्यूडी की हैं, जबकि नगर निगम की बैरागढ़ से मिसरोद, वीआईपी रोड, गिन्नौरी सड़क, डीआरएम दफ्तर के पास की सड़क सहित आठ मुख्य सड़के हैं। जिनकी मरम्मत का काम शुक्रवार से शुरु किया जाएगा। निगम आयुक्त ने बताया कि निगम की सड़कों की मरम्मत का काम शुरु कर दिया गया है।

**इन सड़कों के भी हाल बेहाल-** जेके रोड, दानिशकुंज, चार इमली, श्यामला हिल्स, शौर्य स्मारक के पास ठंडी सड़क समेत कई सड़कों की मरम्मत निगम और पीडब्ल्यूडी को कराना है। रायसेन रोड पर आइटीआइ से लेकर आनंद नगर तक सड़क की हालत ठीक नहीं है।

जहांगीराबाद, जिंसी चौराहा, पुल बोगदा में भी सड़कें खस्ता हाल हैं। चार इमली से तुलसी टावर की ओर से जाने वाला रास्ता उखड़ गया है। होशंगाबाद रोड पर सड़क उखड़ी हुई है। बावड़ियाकलां ब्रिज से आगे सड़क पर गड्ढे हैं। बावड़िया कलां, सलैया, लहारपुर, कटारा के हाल भी ठीक नहीं है।

## 24 घंटे उड़ान के साथ ही भोपाल से पुणे के बीच शुरू होगी पहली लेट नाइट विमान सेवा

**भोपाल।** राजा भोज एयरपोर्ट एक अक्टूबर से 24 घंटे खुला रहेगा। इसके दूसरे ही दिन यानि दो अक्टूबर से भोपाल से पुणे तक पहली लेट नाइट उड़ान शुरू होगी। इंडिगो विमान कंपनी ने पुणे रूट पर उड़ान का स्लाट ले लिया है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) एवं डीजीसीए ने हाल ही में भोपाल एयरपोर्ट से 24 घंटे उड़ान की स्वीकृति दी है। सीआइएसएफ के जवानों की संख्या भी बढ़ना शुरू हो गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी का यह निर्णय अब सार्थक होने जा रहा है।

अथॉरिटी लंबे समय से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास कर रही थी। अथॉरिटी ने देश की सभी एयरलाइंस कंपनियों को देर रात की उड़ानों के लिए स्लाट देने की पेशकश की थी। इसके परिणाम अब आने लगे हैं। इंडिगो ने पुणे रूट के लिए स्लाट लेने के साथ ही शेड्यूल भी




जारी कर लिया है।

### रात्रि 1.10 बजे आएगी पुणे उड़ान

- इंडिगो की प्रस्तावित पुणे उड़ान एक अक्टूबर को रात्रि 1.10 बजे (प्रभावी दिन दो अक्टूबर) को भोपाल पहुंचेगी।
- उड़ान भोपाल से रात्रि 1.40 बजे पुणे के लिए टेकऑफ होगी। इंडिगो इस रूट पर 180 सीटों वाला बोइंग विमान प्रारंभ करेगी।
- भोपाल से पुणे तक लंबे समय से डायरेक्ट उड़ान शुरू करने की जरूरत महसूस की जा रही थी।
- जानकारी के अनुसार एयर इंडिया ने करीब दो साल पहले डायरेक्ट उड़ान बंद कर दी थी।
- अब फिलहाल यात्रियों के पास भोपाल शहर से कनेक्टिंग उड़ान से जाने का ही विकल्प है।
- जानकारी के अनुसार पुणे रूट पर बड़ी संख्या में आइटी प्राफेशनल्स एवं छात्र सफर करते हैं।

**नाइट पार्किंग फ्री, कई उड़ानें कतार में-** 24 घंटे उड़ान संचालन के साथ ही एयरलाइंस कंपनियों को विमानों की नाइट पॉर्किंग के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। भोपाल में एयर टर्बाइन फ्यूल पर वेट की दर मात्र चार प्रतिशत है। माना जा रहा है इस फैसले से एयर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार इस साल के अंत तक कई नई उड़ानें प्रारंभ हो सकती हैं।